आज का विचार
प्यार और विश्वास दो ऐसी पक्षी है जिसमें से एक उड़ जाए तो दूसरा अपना आप उड़ जाता है।

# दैनिक सिटी दर्पण
आईना सच का



6

सिटी दर्पण-राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र की अधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें।

चंडीगढ़। वीरवार, 1 अगस्त, 2024 | वर्ष 22, अंक 188, मूल्य: 3 रुपए | RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 | www.citydarpan.com

# राज्य की पुरानी शान की बहाली के लिए शहीद उधम सिंह के नक्शे-कदमों पर चल रहे हैं: भगवंत मान

## शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह के दौरान महान शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की

**सिटी दर्पण**
शहीद उधम सिंह वाला (सुनाम)

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज यहां कहा कि राज्य सरकार पंजाब की पुरानी शान बहाल करने के लिए शहीद उधम सिंह जैसे महान शहीदों के नक्शे-कदमों पर चलकर देश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में युवाओं को सक्रिय साथी बना कर आगे बढ़ रही है। यहां शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह के दौरान सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने याद किया कि वे बचपन में अपने पिता के साथ यहां हर साल होने वाले समारोह में शामिल होते थे। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने शहीद उधम सिंह जैसे महान नायकों की बेमिसाल कुर्बानियों के कारण ही आजादी के इस मीठे फल का आनंद ले रहे है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि शहीद उधम सिंह आजादी संग्राम के एक महान योद्धा थे, जिन्होंने जलियांवाला बाग नरसंहार के मुख्य दोषी माइकल ओ ड्वायर को मारकर बहादुरी का सबूत दिया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे लगातार कैक्सटन हॉल जाते रहे हैं, जहां शहीद उधम सिंह ने लाखों भारतीयों की ओर से प्रतिशोध लिया था। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस महान शहीद की बेमिसाल कुबार्नी ने देश को ब्रिटिश साम्राज्यवाद की जड़ों को उखाड़ फेंकने में मदद की। उन्होंने कहा कि शहीद उधम सिंह ने जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार का प्रतिशोध लेने के लिए 21 साल इंतजार किया और इस प्रकार देश की आजादी की नींव रखी। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में पंजाबियों की महत्वपूर्ण भूमिका है और हमें उनकी बहादुरी और विशेष योगदान पर गर्व है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे महान शहीदों और देशभक्तों के सामने श्रद्धा के साथ सिर झुकाते हैं, जिन्होंने बेमिसाल बहादुरी और असीम हौंसले का प्रदर्शन करते हुए देश की आजादी के लिए अभूतपूर्व कुर्बानियां दीं। उन्होंने कहा कि इन शहीदों की दी गई बेमिसाल कुर्बानियों की अमीर विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने का काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महान सिख गुरुओं ने लोगों को जुल्म, अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा दी है, जिसके कारण पंजाबियों ने हमेशा बुराईयों के खिलाफ लड़ाई में देश का नेतृत्व किया है। भगवंत सिंह मान ने यह भी याद किया कि उनकी ओर से लोकसभा सदस्य के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान तत्कालीन लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन के सामने अपनी बात रखने के बाद सदन ने गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों को उनकी शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की थी। उन्होंने कहा कि साहिबजादों को बहादुरी और निरसार्थ सेवा के गुण दशमेश पिताजी से विरासत में मिले थे, जिन्होंने मानवता के लिए अनथक लड़ाई लड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य और इसके लोगों की भलाई के लिए मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार उनकी सरकार ने राज्य में मालवा नहर की खुदाई का काम शुरू किया है। उन्होंने कहा कि यह रिकॉर्ड है कि राज्य की पिछली सरकारों ने पंजाब की इस आवश्यकता पर ध्यान नहीं दिया। भगवंत सिंह मान ने कहा कि लगभग 150 किलोमीटर लंबी यह नई नहर राज्य विशेषकर मालवा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास और समृद्धि के नए युग की शुरूआत करेगी। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर लगभग 2300 करोड़ रुपए खर्च करेगी, जिससे राज्य की लगभग दो लाख एकड़ कृषि योग्य भूमि की सिंचाई की जरूरत पूरी की जाएगी। राज्य सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) में पंजाबी भाषा को शामिल करने के लिए ठोस प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस नेक प्रयास के लिए पहले ही प्रमुख पंजाबी इतिहासकारों, कवियों और साहित्यकारों को शामिल किया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह समय की मांग है कि पंजाबी भाषा विकास की गति में पीछे न रह जाए।



- सुनाम की ऐतिहासिक धरती पर अत्याधुनिक स्टेडियम और बस अड्डा बनाने का ऐलान
- राज्य सरकार पंजाबी भाषा को ए.आई. में शामिल करने के लिए ठोस उपाय करेगी
- अपने हितों की पूर्ति के लिए राज्य की अनदेखी के लिए विपक्षी दलों को आढ़े हाथ लिया

# केरल भूस्खलन में मृतकों की संख्या 167 हुई

## 219 घायल, अभी भी जारी है लोगों की तलाश

**एजेंसी**
वायनाड

केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन की घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 167 हो गई है और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बचाव दल ने तलाशी अभियान के दूसरे दिन मलबे में फंसे लोगों को खोजने के प्रयास तेज कर दिए हैं। वायनाड जिला प्रशासन ने इस आपदा में 167 लोगों की मौत होने की पुष्टि की। जिला प्रशासन ने कहा कि 167 मृतकों में 22 बच्चे भी शामिल हैं। इसने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों से 219 लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और उनमें से 78 का इलाज अभी भी जारी है।

केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन कहा, वायनाड में बचाव अभियान जारी है। हमने अपनी धरती पर पहले कभी ऐसे भयानक दृश्य नहीं देखे हैं। इससे पहले, विजयन ने तिरुवंनतपुरम में संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि वायनाड जिले के भूस्खलन प्रभावित इलाकों से 144 शव बरामद किए गए हैं जिनमें 79 पुरुष और 64 महिलाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री विजयन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में आपदा में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। विजयन ने कहा कि जिले के मुंडक्कई और चूरलमाला इलाकों में दृश्य भयानक हैं। उन्होंने कहा, ये दोनों इलाके पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आपदा क्षेत्र से अधिक से अधिक लोगों को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, दो दिन के बचाव अभियान में 1,592 लोगों को बचाया गया। समन्वित और व्यापक प्रयासों के तहत इतने कम समय में अधिक से अधिक लोगों को बचाया जा सका है।

विजयन ने बताया कि पहले चरण में आपदा के निकटवर्ती क्षेत्रों के 68 परिवारों के 206 लोगों को तीन शिविरों में स्थानांतरित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, इनमें 75 पुरुष, 88 महिलाएं और 43 बच्चे शामिल हैं। भूस्खलन के बाद जारी बचाव अभियान के परिणामस्वरूप फंसे हुए 1,386 लोगों और अपने घरों में फंसे लोगों को बचाया गया। न्होंने कहा कि इसके अलावा बच्चों और गर्भवती महिलाओं समेत 8,017 लोगों को जिले में 82 शिविरों में स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने कहा, मेप्पडी में आठ शिविर हैं, जहां फिलहाल 421 परिवारों के 1,486 लोग रह रहे हैं। इस बीच थलसेना, नौसेना और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के बचाव दल मलबे में दबे लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं।

रक्षा विभाग की ओर से जारी बयान के अनुसार, क्षेत्र में तैनात सेना की टुकड़ियों ने मंगलवार रात तक प्रभावित क्षेत्रों से लगभग एक हजार लोगों को बचाया। इसके अलावा, वायुसेना तलाशी और बचाव कार्यों में समन्वय के लिए प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर रही है। सेना के जवान, एनडीआरएफ, राज्य आपात सेवा के जवान और स्थानीय लोगों समेत बचावकर्मी, कई इलाकों में बारिश जारी रहने के बावजूद इस कठिन अभियान को अंजाम देने के लिए सभी बाधाओं से जूझ रहे हैं। भूस्खलन की घटनाएं मंगलवार को तड़के हुईं, जिससे अपने घरों में सो रहे लोगों को जान बचाने का मौका तक नहीं मिल सका। बुधवार सुबह भूस्खलन से तबाह मुंडक्कई गांव में बचाव अभियान फिर से शुरू होने पर जमींदोज हुए मकानों के अंदर बैठे और लेटी हुई अवस्था में शवों के भयावह दृश्य देखने को मिले।

कुछ स्थानों पर बचावकर्मियों ने लोगों को सुरक्षित ढंग से निकालने के लिए रस्सियों का उपयोग करके पुल बनाए। जोखिम भरे इलाकों में लोगों को लकड़ी के प्लेटफार्म पर बैठाकर उफान पर आई नदी के पार पहुंचाया गया। केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन की स्थिति पर करीबी नजर रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने बचाव प्रयासों के लिए राज्य को हरसंभव सहायता देने का वादा किया है। कुरियन ने वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित लोगों से मुलाकात की। बुधवार को यहां एक प्रेस विज्ञप्ति में कुरियन के हवाले से कहा गया, केंद्र सरकार स्थिति पर नजर रख रही है। प्रधानमंत्री स्थिति पर नजर रख रहे हैं और उन्होंने मुझे प्रभावित इलाकों का दौरा करने के लिए भेजा है। उन्होंने कहा, गृह मंत्रालय के दोनों नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे स्थिति पर नजर रख रहे हैं और राज्य को हरसंभव सहायता मुहैया करा रहे हैं।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया कि सेना वायनाड के चूरलमाला में बचाव कार्यों के लिए एक बेली पुल का निर्माण करेगी। केरल सरकार ने वायनाड में आपदाग्रस्त इलाकों से बचाए गए लोगों को तत्काल चिकित्सा सहायता मुहैया कराने के लिए चूरलमाला में नियंत्रण कक्ष में ऑक्सीजन से लैस एम्बुलेंस के साथ एक चिकित्सा केंद्र बनाने का फैसला किया है। वायनाड में मंगलवार तड़के मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में मूसलाधार बारिश के बाद बड़े पैमाने पर भूस्खलन की घटनाएं हुई थीं।



# सरकार संतो के दिखाए मार्ग पर चलते हुए गरीबों के कल्याण के लिये कर रही है कार्य: नायब सैनी

## सीएम ने अंबाला में श्री गुरु रविदास धर्म अस्थान सिरसगढ़ के 21वें स्थापना दिवस व अमर शहीद ब्रह्मलीन श्री श्री 108 रामानन्द जी महाराज के 15वें शहीदी दिवस पर आयोजित धार्मिक सम्मेलन में की शिरकत

**सिटी दर्पण**
चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार संतो, महापुरूषों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है और गरीबों के कल्याण के लिये कार्य कर रही है। सरकार ने हरियाणा में संत-महापुरूष सम्मान एवं विचार प्रचार-प्रसार योजना शुरू की हुई है, जिसके अंतर्गत संतो, महापुरूषों की जयंतियां व शताब्दियां सरकारी तर्ज पर मनाने की पहल की है। प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिये निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री जिला अंबाला में श्री गुरु रविदास धर्म अस्थान सिरसगढ़ के 21वें स्थापना दिवस व अमर शहीद ब्रह्मलीन श्री श्री 108 रामानन्द जी महाराज के 15वें शहीदी दिवस पर आयोजित धार्मिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि श्रद्धालुओं को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर परिवहन राज्य मंत्री श्री असीम गोयल नन्यौला भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने धर्म अस्थान सिरसगढ़ को 21 लाख रुपये की राशि तथा परिवहन राज्य मंत्री ने 11 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज ने एकता, मानवता और भाईचारे का जो संदेश दिया था, वह आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि हमें संतो, महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलते हुए सदैव काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने हरियाणा में संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार-प्रसार योजना शुरू की हुई है, जिसके अंतर्गत संतो, महापुरुषों की जयंतियां व शताब्दियां सरकारी तर्ज पर मनाने की पहल की है। इसी कड़ी में संत शिरोमणि गुरू रविदास जी की जयंती, बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर जयंती, संत कबीरदास जयंती, भगवान वाल्मिकी जयंती आदि जयंतियां एवं शताब्दियां राज्य स्तर पर मनाई गई हैं। उन्होंने संत शिरोमणि गुरू रविदास जी का स्मारक कुरूक्षेत्र में बनाया जा रहा है।



### मुफ्तघर बिजली योजना के लिए 2.50 लाख आवेदन

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 22 फरवरी को संकल्प लिया था कि जिस परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है, ऐसे परिवारों के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है। हरियाणा में इस योजना के तहत लगभग 2.50 लाख आवेदन आये हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा 1.10 लाख रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हैप्पी कार्ड योजना के माध्यम से सरकार ने पात्र व्यक्ति को एक साल में 1000 किलोमीटर निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा दी है। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में लगभग 7652 लोगों को 100-100 गज के प्लाट के आवंटन पत्र के साथ-साथ कब्जा दिलवाने का काम किया गया है और जो पात्र लाभार्थी बचे हैं, वह भी पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं, उन्हें भी इस योजना का लाभ दिलवाने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 14 शहरों में लगभग 15210 पात्र व्यक्तियों को 30-30 वर्ग गज के प्लाट दिये गये हैं।

# गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब के 37वें राज्यपाल के तौर पर शपथ ली



**सिटी दर्पण**
चंडीगढ़

श्री गुलाब चंद कटारिया ने बुद्धवार को पंजाब के 37वें राज्यपाल के तौर पर शपथ उठाई। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस, माननीय जस्टिस शील नाग्गू ने पंजाब राज भवन में श्री गुलाब चंद कटारिया को पद की शपथ दिलाई। इस मौके हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्य मंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान भी उपस्थित थे। गुलाब चंद कटारिया ने हिंदी में शपथ उठाई। उन्होंने हलफ दस्तावेज पर दस्तखत किए, जिस पर चीफ जस्टिस के भी हस्ताक्षर थे। बाद में श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़ के प्रशासक के तौर पर प्रभार लेने के लिए अलग- अलग प्रभार रिपोर्टों पर दस्तखत किए। इससे पहले राज्यपाल, पंजाब राज्य भवन के गुरू नानक देव आडीटोरियम में रिवायती रस्मों दौरान हलफ समागम में पहुँचे। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस भी उनके साथ थे। पंजाब के मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने समागम शुरू करने की इजाजत माँगी और गुलाब चंद कटारिया की पंजाब के राज्यपाल के तौर पर नियुक्ति के वारंट पढ़ कर सुनाए।

# नीट व्यवस्था संप्रग सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई थी : सीतारमण

**एजेंसी**
नई दिल्ली

मेडिकल पाठ्यक्रमों से संबंधित राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) व्यवस्था की विपक्ष द्वारा तीखी आलोचना के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि यह प्रणाली कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई थी।

सीतारमण ने उच्च सदन में बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि नीट को सबसे पहले 2010 में अधिसूचित किया गया था और तत्कालीन स्वास्थ्य राज्य मंत्री एवं द्रमुक नेता जी सेल्वन के नेतृत्व में इसका कार्यान्वन किया गया था।

उन्होंने कहा कि 2013 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल में ही पहली नीट परीक्षा हुयी थी। सीतारमण ने कहा कि 2011 में जब तमिलनाडु में द्रमुक का शासन समाप्त हुआ, उस समय राज्य में केवल 1,945 मेडिकल सीटें थीं जो अब बढ़कर 10,425 हो गयी हैं और इस प्रकार पिछले 11 वर्षों में 8,480 सीटों की वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा कि नीट किसी के भी खिलाफ नहीं है लेकिन इससे कुछ निहित स्वार्थों को नुकसान हुआ है, खासकर मेडिकल शिक्षा क्षेत्र में, क्योंकि अब सीट बेचना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि एक विशेष लॉबी नीट लीक मुद्दे के सामने आने से पहले ही इसके खिलाफ थी।

वित्त मंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार की नीति युवाओं को अधिक सक्षम बनाना है। चर्चा के दौरान पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कुछ सवाल उठाए थे।

वित्त मंत्री सीतारमण ने उन सवालों का जिक्र करते हुए कहा कि 2006 में उच्चतम न्यायालय ने अपने एक फैसले में स्पष्ट निर्देश दिया कि डीजीपी का चयन राज्य सरकार की ओर से विभाग के सबसे वरिष्ठ तीन सदस्यों में से से किया जाएगा जिसमें संघ लोक सेवा आयोग की भी भूमिका होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति के संबंध में भी उच्चतम न्यायालय का स्पष्ट निर्णय है।



# उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने खोले आठ लाख कर्मचारियों के पेंशन खाते : योगी

**सिटी दर्पण**
लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नयी पेंशन योजना (एनपीएस) के मुद्दे पर बुधवार को विधान परिषद में कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनाने के बाद राज्य के करीब आठ लाख कर्मचारियों के पेंशन खाते खोले गये हैं।

योगी ने एनपीएस पर पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में जब नयी पेंशन योजना लागू हुई तब प्रदेश में मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार थी। वहीं 2007 से 2012 तक बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और फिर 2012 से 2017 तक सपा सत्ता में थी लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक भी कर्मचारी का पेंशन खाता नहीं खोला गया।

आदित्यनाथ ने कहा, साल 2018 में जब ये बात हमारे संज्ञान में आई तब हमने तत्कालीन वित्त सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित की। इसमें संबंधित विशेषज्ञों को भी रखा गया। कर्मचारी संगठनों से भी चर्चा की गई। ये लगभग आठ लाख कर्मचारियों से संबंधित मुद्दा था। तब ये बात सामने आई थी कि कर्मचारी ने अपनी जो आखिरी तनख्वाह बैंक से निकाली होगी उसका 50 प्रतिशत देने के लिए आवश्यक होगा कि सरकार अपनी हिस्सेदारी कुछ बढ़ाये।



उन्होंने कहा, आकलन में पता लगा कि अगर सरकार और कर्मचारी समय से धन जमा करें और कर्मचारी किसी योजना से अपना पैसा जोड़ता है तो सेवानिवृत्ति के बाद करीब 60 प्रतिशत तक धन पेंशन के रूप में उसे प्राप्त हो सकता है। इसके बाद हमने पेंशन योजना में सरकार की हिस्सेदारी को 10 फीसदी से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि 2005 में नयी पेंशन योजना लागू होने के वक्त जिन कर्मचारियों की नियुक्ति अंतिम चरण में थी, ऐसे 70 हजार लोगों को पुरानी पेंशन योजना में ही रखा गया। इनमें एक बड़ी संख्या शिक्षकों की है। आदित्यनाथ ने कहा कि नयी पेंशन योजना को प्राइवेट बैंकों में जमा करने की शिकायत को गंभीरता से लिया गया है और इसमें कार्रवाई भी की गई है। साथ ही धनराशि को वापस लाने का काम किया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता होती है कि किसी भी सरकारी योजना का पैसा राष्ट्रीयकृत बैंक में ही जुड़े। इससे पहले मुख्यमंत्री ने लाल बिहारी यादव को विधान परिषद में नेता विरोधी दल बनने पर बधाई दी।

# आत्मनिर्भरता, मजबूत बुनियाद से भारत बनेगा 55 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था: गोयल

नई दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को उम्मीद जताई कि आत्मनिर्भरता, प्रौद्योगिकी, मजबूत मुद्रा और बुनियादी बिंदुओं पर ध्यान देने जैसे कदम भारत को वर्ष 2047 तक 55 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेंगे। गोयल ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार पेट्रोल-डीजल चालित वाहनों से इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ कदम बढ़ाने और विनिर्माण में गुणवत्ता लाने जैसे क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। वह के वी सुब्रमण्यन की किताब 'भारत@100: एनविजनिंग टुमॉरोज इकोनॉमिक पावरहाउस' से संबंधित चर्चा में शामिल हो रहे थे।उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, ‘यह सब सामूहिक रूप से हमारी मदद करेगा। एक मजबूत मुद्रा, अर्थव्यवस्था के मजबूत बुनियादी ढांचा हमें 55 लाख करोड़ की डॉलर की अर्थव्यवस्था तक पहुंचाने में मदद करेंगे। गोयल ने कहा कि ईवी पर जोर देने के साथ उत्पाद, तिलहन, रबर और दालों के आयात में कमी से घरेलू मुद्रा को मजबूती आएगी।



# सीएम भगवंत सिंह मान ने खेडी में सी- पाइट केंद्र का नींव पत्थर रखा

## युवाओं को फौज और पुलिस में भर्ती होने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करेगा केंद्र

सिटी दर्पण
खेडी ( सुनाम)



फौज, अर्ध सैनिक बलों और पुलिस में युवाओं के लिए रोजगार के नए क्षितिज कायम करते पंजाब के मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान ने आज यहाँ लगभग 29 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले सैंटर फार प्रशिक्षण एंड इम्पलायमेंट आफ पंजाब यूथ ( सी- पाइट ) का नींव पत्थर रखा। इस दौरान मुख्य मंत्री ने कहा कि सी- पाइट केंद्र 10 एकड़ क्षेत्रफल में बनेगा। उन्होंने कहा कि यह संस्था स्व-अनुशासित, राष्ट्रीय भावना और निष्पक्षता और काम सभ्याचार को प्रफुल्लित करने के साथ अलग- अलग क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार के काबिल बनाने के लिए कौशल प्रदान करने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि सी- पाइट देश भर में अपनी प्रकार का अकेला संस्थान है जो युवाओं को सेना में भर्ती होने का प्रशिक्षण देता है और इसमें रिहायश एंव प्रशिक्षण बिल्कुल मुफ़्त है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब के अलग- अलग जिलों में 14 सी- पाइट कैंप हैं। सी- पाइट केंद्र अब तक 2 52, 656 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर चुका है और इसमें से 1,14, 670 युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। मुख्य मंत्री ने कहा कि सी- पाइट को ज्यादा मजबूत करने के लिए गाँव खेड़ी में स्थापित होने वाले कैंपस में क्लास रूम, रिहायश, खाने- पीने, आधुनिक खेल मैदान सहित उत्तम दर्जे की सुविधा होंगी। उन्होंने कहा कि इस केंद्र में सालाना 1200 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब के अलग-अलग जिलों में बाकी 14 सी- पाइट कैंपस की क्लास और अन्य आधुनिक सुविधाओं के साथ अपग्रेड किए जा रहे है। इस उद्देश्य के लिए पंजाब सरकार द्वारा 78. 50 करोड़ रुपए के बजट का प्रबंध किया गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि सी- पाइट के पिछले 34 सालों के इतिहास में किसी भी सरकार ने पंजाब के युवाओं के लिए ऐसे प्रयास नहीं किए। मुख्य मंत्री ने कहा कि सी- पाइट द्वारा अब नौजवानों के लिए ड्रोन, सुरक्षा सेवाएं और खुदाई का प्रशिक्षण भी शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बाद एक सी- पाइट कैंपस में ह्यसैंटर आफ एक्सीलैंस इन ड्रोन प्रशिक्षण, रिपेयर एंड ऐसम्बली की स्थापनाह्ल की जाएगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन प्रयासों का पंजाब के युवाओं को बड़ा लाभ होगा और हमारे युवाओं को रोजगार के बढिया अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि सी- पाइट के इन प्रयासों का सबसे अधिक लाभ ग्रामीण इलाकों के गरीब, अनुसूचित जातियों, पिछड़ीं श्रेणियों और बेरोजगार युवाओं को होता है।

# कचहरी चौक में शहीद उधम सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की

सिटी दर्पण
कपूरथला



भारत की भूमि ने लंबे समय तक गुलामी को सहन किया है।जिसकी जंजीरो को तोड़ने के लिए लाखों भारतीय वीर योद्धाओं ने अपने प्राणों की आहुति दी है।बहुत शहीद ऐसे भी हुए हैं जिनका नाम इतिहास के पन्नों पर नहीं लिखा जा सका।आजादी की इस प्रक्रिया में पंजाबीओ का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

इन्हीं वीर वीरांगनाओं में से एक नाम शहीद उधम सिंह जी का है।आज 31 जुलाई को भारत के महान वीर और जिद्दी क्रांतिकारी राम मुहम्मद सिंह आजाद( उधम सिंह )जी की शहीदी के तोर पर देश वासिओ द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती हैं।ये विचार कपूरथला हलके के सेवादार अवि राजपूत ने अपने कार्यालय में क्रांतिकारी शहीद राम मुहम्मद सिंह आजाद( उधम सिंह )के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए व्यक्त किए।इस अवसर पर अवि राजपूत ने जिला प्रशासन के समक्ष अपनी पुरानी मांग रखते हुए कहा कि पिछले कई वर्षों से उनके द्वारा शहर के कचहरी चौक शिव मंदिर के पास शहीद उधम सिंह जी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की जा रही है।

अवि राजपूत ने कहा कि अगर प्रशासन ने जल्द ही इस मांग पर ध्यान नहीं दिया तो इस मांग को मनवाने के लिए आंदोलन शुरू किया जाएगा।इस मौके पर उन्होंने कहा कि अमर शहीद उधम सिंह उर्फ राम मुहम्मद सिंह आजाद का जीवन और शहादत प्रेरणा देने वाली है,इस लिए आज की युवा पीढ़ी शहीदों के बताये मार्ग पर चलना चाहिए।इस दौरान अवि राजपूत और उनके साथियों ने शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजलि दी और शहीद उधम सिंह द्वारा प्रस्तुत एवं दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके अशोक शर्मा, मंजीत काला, मोहिंदर सिंह, कुलदीपक धीर, तजिंदर लवली, लाडी, जय, रूबल धीर, बलविंदर, दीपक बिष्ट, जस्सी, रिक्की, सौरव, हरप्रीत, सनी अरोड़ा, गौरव, विशाल , दिलराज, लखबीर, बलवीर , मनी, हाजिर थे।

# नाबालिगों के दोपहिया वाहन चलाने पर लगी रोक

सिटी दर्पण
जालंधर



राष्ट्रीय मोटर व्हीकल एक्ट में नाबालिग बच्चों के वाहन चलाने पर अभिवावकों पर मामला दर्ज होगा। इसी के चलते नाबालिगों के दोपहिया वाहन चलाने पर रोक लगाई गई है और 31 जुलाई तक समय दिया गया है। जिसके बाद 1 अगस्त से पुलिस की ओर से कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि इस मामले में जालंधर पुलिस ने 1 अगस्त यानि कल से स्कूलों के बाहर नाके लगाने का ऐलान किया है।जिसमें वाहन चलाते पकड़े गए नाबालिगों को माता-पिता से बात करवाने के लिए कहा जाएगा और बाद में उन्हें छोड़ दिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि एक सप्ताह तक यह सिलसिला जारी रहेगा। दरअसल, पुलिस एजुकेशन सेल एक सप्ताह के जागरूकता अभियान के बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस मामले को लेकर स्कूल प्रबंधकों को भी बच्चों को आगाह करने के बारे में कहा गया है। जानकारी देते हुए एसएसपी अंकुर गुप्ता और एसीपी ट्रैफिक आतिश भाटिया जारी हुए निदेर्शों के मुताबिक इंतजाम कर लिए गए है। इस दौरान यदि कोई वाहन मालिक 18 वर्ष से कम उम्र के बालक या बालिकाओं को वाहन चलाने के लिए देता है, तो उसे 3 साल की जेल की सजा और 25 हजार के जुमार्ना से दंडित किया जाएगा।इस पत्र के आने के बाद जालंधर में भी जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी विद्यालयों को पत्र जारी करने की कवायद शुरू कर दी है।बता दें की राष्ट्रीय मोटर व्हीकल एक्ट में सख्ती लाते हुए यह फैसला लिया गया है के 1 अगस्त से अगर कहीं पर नाबालिग वाहन चलाते पकड़े जाते हैं तो उनके अभिभावकों पर मामला दर्ज होगा। जिसमें कानूनी सजा के साथ-साथ जुमार्ना भी लगेगा। लिहाजा अब 1 अगस्त को मात्र आज के दिन का समय बचा है। इसके बाद नाबालिग वाहन चालकों के अभिभावकों पर कार्रवाई का सिलसिला शुरू हो जाए।वहीं नाबालिग अगर गाड़ी चलाते पकड़ा गया तो उनका ड्राइविंग लाइसेंस भी 25 साल की उम्र के बाद ही बनेगा। एक्सीडेंट के बढ़ते मामलों को देखते हुए परिवहन विभाग की तरफ से ये कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने कहा कि 18 साल से कम आयु के बच्चे बिना ड्राइविंग लाइसेंस के और लापरवाही से गाड़ी चलाने पर दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। आंकड़ों के अनुसार, सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले 40 फीसदी नाबालिग बच्चे होते हैं। जिनकी आयु 12 से 18 साल के बीच की होती है। इसलिए ऐसे नियम बनाए जाने की जरूरत हुई है।

# डॉ. अवतार सिंह ने शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की

सिटी दर्पण
अमृतसर



महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी शहीद उधम सिंह द्वारा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान को 'अविस्मरणीय' बताते हुए डॉ अवतार सिंह, चीफ ऑर्थोपेडिक सर्जन, अमनदीप अस्पताल, अमृतसर, और अध्यक्ष, कंबोज सभा, ने कहा कि शहीद उधम सिंह का बलिदान 'सर्वोच्च' और 'अतुलनीय' है और सभी भारतीयों को स्वतंत्रता के सही अर्थ को बनाए रखने के लिए सभी प्रकार के अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित करता है।वह कंबोज सभा द्वारा शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। आज हम जिस आजादी का लुत्फ उठा रहे हैं उसके लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। लेकिन, बहुत से लोग अपनी इस आजादी को सराहते नहीं हैं और इसे नशे और अन्य बुराइयों पर बर्बाद कर देते हैं, जो फिर से उन्हें अंधकार में धकेल सकती हैं,₹ डॉ अवतार सिंह ने कहा। डॉ सिंह ने कहा कि समय की माँग है कि युवाओं सहित आम जनता को शहीद उधम सिंह जैसे महान व्यक्तियों की गाथा के बारे में शिक्षित किया जाए, ताकि वे उनके आदर्शों का अनुसरण करने तथा राष्ट्र कल्याण के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित हो सकें।युवा एक प्रबल शक्ति हैं जो उचित रूप से संगठित होने पर राष्ट्र निर्माण में रचनात्मक योगदान दे सकते हैं। युवा शहीद उधम सिंह, जिनके बलिदान को इतिहास में हमेशा बहुत सम्मान के साथ याद रखा जाएगा, के जीवन से बहुत कुछ सीख कर अपना सकते हैं₹ उन्होंने कहा। इस मौके पर डॉ अवतार सिंह ने कंबोज सभा रजि, अमृतसर, को समाज कल्याण कार्यों के लिए पाँच लाख रुपये भेंट किए।सतपाल सिंह कंबोज, महासचिव, कंबोज सभा, जोगिंदर सिंह खैरदिके, अध्यक्ष, बुग्गा कमेटी, तरनतारन, अमरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष, कश्मीर सिंह खैरदीके, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बलजीत सिंह, उपाध्यक्ष, हरजीत सिंह कोटली, उपाध्यक्ष, सतपाल सिंह थिंद, उपाध्यक्ष, मल्कियत सिंह वल्लाह, उपाध्यक्ष, जोगिंदर सिंह कंबोज, अध्यक्ष, नगर निगम ताल मेल दल, सतीश कुमार, अध्यक्ष, ट्रस्ट बागीची कंबोजाँ, ओम प्रकाश, ट्रस्टी, ट्रस्ट बागीची कंबोजाँ, अनमोल सिंह छापा, सचिव, कंबोज सभा, लखविंदर सिंह जोसन, सचिव, निर्मल कंबोज, सचिव, तेजिंदर सिंह ढोट, सचिव, प्रोफेसर परमजीत सिंह, ऐडीटर, प्रिंसिपल जसपाल सिंह, महेंगा सिंह, परमजीत सिंह, कंवलजीत सिंह कोल्ड स्टोरेज वाले, इकबाल सिंह बाली, करणवीर सिंह, गुरिंदर सिंह महरोक, भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

गुरमीत सिंह जम्मू, रुपिंदर सिंह धंजू, सज्जन सिंह, प्रताप नगर, करनैल सिंह थिंद, प्रताप नगर, अर्जन सिंह खैरदिके, हरमनप्रीत सिंह खैरदिके, प्रभदीप सिंह, कुलदीप सिंह, हरजिंदर सिंह खैरदिके, राजिंदर सिंह, कोटली नासिर खान, जगरूप सिंह कोटली, सुखपाल सिंह कोटली, अमनप्रीत सिंह अजायबवाली, प्रभदीप सिंह मजीठा, इंदरबीर सिंह बिल्ला, निजामपुर, जसपाल सिंह, सब्जी मंडी, सरबजीत सिंह सोनू, सब्जी मंडी, बलविंदर सिंह जेम वाले, वरिंदर सिंह समेत भी मौजूद थे। कश्मीर सिंह नाग खुर्द, दलबीर सिंह नाग खुर्द, भूपिंदर सिंह धंजू, संतोख सिंह धंजू, स कुलविंदर सिंह, जसबीर सिंह पटवारी भी इस सभा में उपस्थित थे।

# भवजोत, अजय और परमीत का राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ चयन

सिटी दर्पण
राजपुरा



स्कालर्ज. पब्लिक स्कूल, राजपुरा ने 28 जुलाई 2024 को जालंधर के ला ब्लॉसम्स स्कूल में हुए २३वीं सीनियर्स एंड जूनियर्स पंजाब स्टेट ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2024 में भाग लिया और 7 पदक जीते। चैम्पियनशिप में चंडीगढ़, पटियाला, राजपुरा, तरनतारण, पातडां, लुधियाना, बठिंडा, जम्मु-कश्मीर से लगभग 180 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।स्कूल के 3 खिलाड़ियों ने स्वर्ण, 3 खिलाड़ियों ने रजत और 1 कांस्य पदक जीते। भवजोत सिंह, अजय कुमार और परमीत सिंह ने एक-एक स्वर्ण पदक जीता।खुशमवीर सिंह, हरनूर कौर और मनप्रीत कौर ने एक झ्र एक रजत पदक जीता।

रमनप्रीत ने एक कांस्य पदक जीता। महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे राजपुरा जोन को इस टूनार्मेंट में प्रथम स्थान मिला। यह हमारे राजपुरा जोन के ताइक्वांडो खिलाड़ियों के लिए गर्व का क्षण है। उल्लेखनीय है कि तीनों स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन औरंगाबाद महाराष्ट्र में होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ है। स्कूल पहुँचने पर स्कूल के चेयरमैन श्री तरसेम जोशी ने सभी खिलाडियों को इस सफलता की बहुत-बहुत बधाई दी।बच्चों के माता-पिता बच्चों की सफलता पर बहुत प्रसन्न थे।

विद्यार्थियों की इस स्वर्णिम जीत पर डायरेक्टर श्रीमती सुदेश जोशी ने कहा कि यह विद्यार्थी स्कूल का गौरव हैं। इनकी उपलब्धि इनकी कडी मेहनत का प्रतीक हैं। उन्होंने ताइक्वांडो कोच श्री राकेश कुमार को सफलता का श्रेय देते हुए बधाई दी। स्कूल की प्रिंसीपल श्रीमती भारती ने खिलाडियों को शुभकामनाएँ देते हुए भविष्य में इसी प्रकार आगे बढ़ते रहने को प्रोत्साहित किया।

# अपने आत्मसम्मान की रक्षा के लिए शिक्षक जीटीयू से जुड़ें: हीरा

सिटी दर्पण
रूपनगर



**संगठन से अनुमोदन लेकर कामकाजी महिलाओं की जागरूकता के लिए शीघ्र ही एक संगठनात्मक विद्यालय का आयोजन किया जाएगा**

शिक्षकों विशेषकर महिला शिक्षकों को अपने आत्मसम्मान की रक्षा के लिए जीटीयू में स्थायी रूप से शामिल होना चाहिए। ये विचार सरकारी अध्यापक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह हीरा ने यहां जारी एक प्रेस बयान के माध्यम से व्यक्त किये। इस पर विस्तार से चर्चा करते हुए शिक्षक नेता ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा विभाग में सत्तर प्रतिशत से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं. अक्सर पुरुष प्रधान भारतीय सामाजिक परिघटना के कारण कामकाजी महिलाओं को भारी मानसिक तनाव के दौर से गुजरना पड़ता है। संगठनात्मक चेतना के अभाव के कारण इस वर्ग को अत्यधिक मानसिक दबाव में सोचना पड़ता है। शिक्षक नेता ने कहा कि सभी कर्मचारियों को यह समझ लेना चाहिए कि हम कर्मचारी अपने विभाग के हैं, किसी प्राइवेट अधिकारी के नहीं. यदि कोई अधिकारी अपने विभागीय नियमों के दायरे से बाहर जाकर किसी शिक्षक या कर्मचारी को मानसिक पीड़ा पहुंचाता है तो तत्काल इसकी जानकारी संबंधित क्षेत्र के संगठनात्मक नेताओं तक पहुंचाना जरूरी है। गुरप्रीत सिंह हीरा ने कहा कि पहले सरकारी अध्यापक संघ और पंजाब सबऑर्डिनेट सर्विसेज फेडरेशन की ओर से कामकाजी महिलाओं की जागरूकता के लिए ट्रेड यूनियन स्कूलों का आयोजन किया जाता था। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रांतीय नेताओं क्रमशः सतीश राणा, सुखविंदर सिंह चाहल, तीर्थ वासी, गुरविंदर सिंह सस्कौर स्थित नेतृत्व टीम से मंजूरी लेकर जिले में कामकाजी महिलाओं की जागरूकता के लिए एक दिवसीय ट्रेड यूनियन स्कूल का आयोजन किया जाएगा।

# कार की टक्कर से टक्कर से बाइक सवार की मौत




राजपुरा। कार की टक्कर से बाइक सवार नौजवान की मौत हो गई, जिस पर राजपुरा पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी।पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में नालास रोड निवासी सोहन लाल ने बताया कि 28 जुलाई की रात को हाल ढकानसु माजरा निवासी सुनील कुमार बाइक पर सवार होकर कालका रोड स्थित जनता बेकरी के नजदीक पहुंचा था, की कार ने टक्कर मार दी ,जिससे सुनील कुमार की मौत हो गई।

# टैलेंट ब्लिंग कार्यक्रम का आयोजन



सिटी दर्पण
राजपुरा

अलायंस इंटरनैशनल स्कूल की तरफ से विद्यार्थियो की प्रतिभा को चमकाने के लिए टैलेंट बलिंग कार्यक्रम का आयोजन करवाया. बच्चों की छुपी प्रतिभाओं को बाहर निकालने, व हर नए छात्र को उनके स्कूली जीवन की एक यादगार शुरूआत देने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया. सभी नए छात्र नृत्य, गायन, नुक्कड़ नाटक और स्टैंड-अप कॉमेडी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच पर आए। प्रत्येक विद्यार्थी का प्रदर्शन अद्वितीय था जिन्होंने सफलतापूर्वक दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभी छात्र, स्टाफ व उनके अभिभावक भी मौजूद रहे।इस कार्यक्रम ने नए छात्रों को अपने सभी बैचमेट्स, मैनेजमेंट, स्टाफ व अभिभावकों के सामने अपनी प्रतिभा और कौशल दिखाने का मौका देकर उनके भीतर आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद की। सभी विद्यार्थियों की ऊर्जा सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर थी, जिसने इस आयोजन को एक बड़ी सफलता के रूप में चिह्नित किया। समारोह के अंत में स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री शालिनी खुल्लर और उप- प्रिंसिपल सुश्री नलिनी गर्ग ने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करने के उपरांत प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## राज्य के 9 जिलों के पिछड़ीं श्रेणियों एंव आर्थिक तौर पर कमजोर वर्गों को मिलेगा लाभ

# आशीर्वाद योजना के अंतर्गत 2748 लाभपात्रियों को 14.01 करोड़ रुपए जारी: डा. बलजीत कौर

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार प्रत्येक वर्ग की भलाई के लिए लगातार यत्नशील है, वहीं पिछड़ीं श्रेणियों और आर्थिक तौर पर कमजोर वर्गों के लोगों के कल्याण के लिए लगातार कार्यशील है। आशीर्वाद फार पिछड़ीं श्रेणियां एंव आर्थिक तौर पर कमजोर वर्ग योजना के अंतर्गत, साल 2023- 24 दौरान पिछड़ीं श्रेणियों एंव आर्थिक तौर पर कमजोर वर्गों के आशीर्वाद पोर्टल पर प्राप्त कुल 2748 लाभपात्रियों को 14.01 करोड़ रुपए की राशि साल 2024-25 के बजट उपबंध में से जारी की है।

इस बारे में जानकारी देते हुए सामाजिक न्याय, अधिकारिता एंव अल्पसंख्यक मंत्री डा. बलजीत कौर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा आशीर्वाद योजना अधीन जिला अमृतसर, फतेहगढ़ साहिब, फाजिल्का, गुरदासपुर, होश्यारपुर, कपूरथला, लुधियाना, मोगा, श्री मुक्तसर साहिब, पटियाला, पठानकोट, संगरूर और मालेरकोटला के पिछड़ीं श्रेणियों और आर्थिक तौर पर कमजोर वर्ग को 14.01 करोड़ रुपए की राशि जारी की है। इस राशि में साल 2023-24 दौरान पिछड़ीं श्रेणियों एंव आर्थिक तौर पर कमजोर वर्गों के आशीर्वाद पोर्टल पर प्राप्त कुल 2748 लाभपात्रियों को कवर किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जिला अमृतसर के 224 लाभपात्री, फतेहगढ़ साहिब के 38 लाभपात्री, फाजिल्का के 111 लाभपात्री, गुरदासपुर के 182 लाभपात्री, होश्यारपुर के 181, कपूरथला के 24 , लुधियाना के 760 लाभपात्री, मोगा के 18 लाभपात्री, श्री मुक्तसर साहिब के 33 लाभपात्री, पटियाला के 883 लाभपात्री, पठानकोट के 37 लाभपात्री, संगरूर के 155 लाभपात्री और मलेरकोटला के 102 लाभपात्रियों को कवर किया गया है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि आशीर्वाद योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक पंजाब राज्य का स्थायी नागरिक हो, उसका परिवार गरीबी रेखा से नीचे हो, आवेदक अनुसूचित जाति, पिछड़ीं श्रेणियों एंव अन्य आर्थिक तौर पर कमजोर परिवारों से संबंधित हो और परिवार की सभी साधनों से सालाना आमदन 32,790 रुपए से कम हो, ऐसे परिवारों की दो बेटियाँ इस योजना का लाभ लेने के योग्य हैं।

डा. बलजीत कौर ने आगे बताया कि पंजाब सरकार अनुसूचित जातियों, पिछड़ीं श्रेणियों एंव आर्थिक तौर पर कमजोर वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए लगातार कार्यशील है। उन्होंने बताया कि वित्तीय सहायता की अदायगी सीधी लाभपात्रियों के बैंक खातों में की जाती है।

## संक्षिप्त-समाचार

### फॉर्च्यून कॉन्वेंट स्कूल के छात्र नानकदीप ने बेडमिंटन में जीता गोल्ड मैडल



संगरूर। स्थानीय पुलिस लाइन में चल रही स्कूलों की खेलों में फॉर्च्यून स्कूल के छात्र नानकदीप सिंह बैडमिंटन अंडर-19 (लड़कों) के हुए कड़े मुकाबले में गोल्ड मेडल हासिल किया है। जीतने वाले खिलाड़ियों को एसएसपी सरताज सिंह चाहल द्वारा विशेष रूप सम्मानित भी किया गया। स्कूल के चैयरमेन डॉ प्रताप सिंह धालीवाल ने दैनिक जगमार्ग से बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें इस बात की बेहद ख़ुशी है कि उनके स्कूल के होनहार छात्र नानकदीप सिंह ने बेडमिंटन में गोल्ड मेडल जीतकर अपने माँ बाप, इलाके व स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने सभी छात्रों को हौंसला देते हुए कहा कि वह लगातार मेहनत करते रहे व इसी प्रकार खेलों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेकर इलाके व स्कूल का नाम रोशन करते रहे। उन्होंने इस उपरांत गोल्ड मेडल जीतने वाले छात्र को शुभकामनाएं भेंट करते हुए स्कूल की ओर से सम्मानित भी किया। इस अवसर पर सिल्वर फर्न के जीएम गुरमीत सिंह जोहल भी मौजूद थे।

दैनिक सिटी दर्पण आईना सच का
न्वोन्मेषक: स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापक: सतपॉल शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एंव 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित

सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।

स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्क: 7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

Punjab Land of Unlimited Opportunities

# खेती में विभिन्नता अपनाएं, पंजाब का पानी बचाएं









## धान की जगह वैकल्पिक फ़सल उगाने वाले किसानों को प्रति एकड़

## — ₹7,000 —

- ★ किसान लाभार्थी अधिकतम 12.5 एकड़ तक लाभ ले सकेंगे
- ★ प्रोत्साहन राशि सीधा किसानों के बैंक खातों में जमा करवाई जाएगी
- ★ वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ₹289.87 करोड़ की राशि आवंटित की गई



भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

संपादकीय

## सीमा शुल्क



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने करीब 50 उत्पादों पर सीमा शुल्क कम करने का जो निर्णय लिया है वह स्वागतयोग्य है। इसे देश की बाह्य प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के प्रयास से जुड़े कदम के रूप में भी देखा जा सकता है। उन्होंने अगले छह महीने में सीमा शुल्क ढांचे की व्यापक समीक्षा की भी घोषणा की। फिलहाल मोबाइल फोन, चमड़ा, फेरो-निकल, ब्लिस्टर कॉपर और पेट्रोल उत्खनन गतिविधियों समेत कई क्षेत्रों में सीमा शुल्क या तो समाप्त कर दिया गया है या फिर बहुत कम कर दिया गया है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि 25 अहम खनिजों को सीमा शुल्क से मुक्त कर दिया गया है। इससे नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में देश की घरेलू उत्पादक क्षमता को मदद मिलेगी और साथ ही अन्य रणनीतिक उद्योगों मसलन रक्षा और ई-मोबिलिटी में भी यह मददगार होगा।

यह बदलाव देश की व्यापार नीति में संरक्षणवाद और आयात प्रतिस्थापन के जगह बना लेने के कई वर्ष बाद आया है। आयात में कमी करने के प्रति झुकाव को 2018 के बजट में ही देखा जा सकता है। घरेलू उद्योगों के संरक्षण और रोजगार निर्माण बढ़ाने के लिए 40 से अधिक आयात पर टैरिफ को बढ़ाया गया। इसमें वाहन कलपुर्जे से लेकर मोमबत्ती और फर्नीचर तक सब शामिल थे। पहले भारत ने कुछ इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों मसलन मोबाइल फोन के कलपुर्जों, टेलीविजन और माइक्रोवेव ओवन पर आयात शुल्क बढ़ाया। 2010-11 से 2020-21 तक भारत की औसत शुल्क वृद्धि काफी बढ़ गई। देश के टैरिफ लाइन के अनुपात मे 15 फीसदी से अधिक इजाफा हुआ और यह 11.9 फीसदी से बढ़कर 25.4 फीसदी पर पहुंच गई।

सरकार ने सीमा शुल्क को आगे राजस्व जुटाने का उपाय नहीं मानकर बढ़िया किया है। अब यह बात अच्छी तरह स्वीकार्य है कि केवल व्यापारिक खुलापन ही भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अहम हिस्सेदार बना सकता है। मिसाल के तौर पर स्मार्टफोन और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में। भारत का मोबाइल फोन निर्यात 2023-24 में 15.6 अरब डॉलर हो गया जबकि 2022-23 में यह 11.1 अरब डॉलर था। पिछले वर्ष देश ने 102 अरब डॉलर मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक सामान का निर्माण किया। इसके बावजूद निर्यात वृद्धि मोटे तौर पर देश में विनिर्माण के बजाय असेंबली तक सीमित है। लीथियम आयन सेल्स या सेमीकंडक्टर चिप्स जैसे घटकों का निर्माण भारत में नहीं हो रहा है। अधिकांश वास्तविक मूल्यवर्द्धन चीन, दक्षिण कोरिया, जापान और वियतनाम जैसे देशों में हो रहा है।

गैर टैरिफ गतिरोध भी ऊंचे हैं। विश्व व्यापार संगठन द्वारा वर्ल्ड टैरिफ प्रोफाइल 2024 में जारी आंकड़े बताते हैं कि भारत एंटी डंपिंग शुल्क लगाने के मामले में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। 2023 में भारत ने 45 एंटी डंपिंग जांच शुरू कीं और 14 मामलों में शुल्क लगाया जबकि देश में 133 एंटी डंपिंग उपायों ने 418 उत्पादों को प्रभावित किया। प्रतिपूरक शुल्क भी बहुत अधिक हैं। 2023 में भारत ने 17 मामलों में प्रतिपूरक शुल्क लगाए जिन्होंने 28 उत्पादों को प्रभावित किया। एक निर्यातक के रूप में भारत के खिलाफ 173 उत्पादों के मामले में कुल 44 प्रतिपूरक कदम हैं। चाहे जो भी हो रणनीति में बदलाव नजर आ रहा है। विश्व व्यापार संगठन के आंकड़ों के अनुसार भारत की औसत शुल्क दर 2022 के 18.1 फीसदी से कम होकर 2023 में 17 फीसदी रह गई। भारत को हर क्षेत्र में शुल्क कम करने की आवश्यकता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सीमा शुल्क की समीक्षा इस दिशा में अहम कदम होगी। इस बीच भारतीय कारोबारियों को बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा से निपटना होगा। शुल्क दर में कमी प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में मददगार होगी।

## आज का राशिफल



**मेष:** व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ होने की सम्भावना है। बेरोजगार लोगों को नयी जॉब मिल सकती है। इसके कारण आपके आत्मविश्वास में काफी बढ़ोत्तरी होगी। विद्यार्थियों को कठिन समस्याओं का हल मिलेगा। किसी धार्मिक कार्यक्रम की रूपरेखा बन सकती है।

**वृषभ:** आज आप गृहकार्य में काफी व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में कुछ रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। कानूनी मामलों को लेकर थोड़े तनाव में हो सकते हैं। अनावश्यक विचारों में अपना समय बर्बाद न करें। कार्यस्थल में आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है। करियर को लेकर योजना बनाने के लिये बुजुर्गों से सलाह ले सकते हैं।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र में आप अनुशासन का काफी ध्यान रखेंगे। पार्टनरशिप सम्बन्धी कार्यों में आपको लाभ मिलेगा। मानसिक शान्ति के लिये आप कुछ समय अकेले में बिताना चाहेंगे। धन की समस्या दूर होगी। काम में लगन और उत्साह से काम करेंगे। गूढ़ विद्याओं में आप रुचि ले सकते हैं।

**कर्क:** दाम्पत्य सम्बन्धों में किसी कारण झगड़ा हो सकता है। बच्चों को सिरदर्द की समस्या हो सकती है। महिलाओं को मासिक धर्म सम्बन्धी समस्या होने की सम्भावना है। आज आपके खर्चों में वृद्धि होगी। किसी रिश्तेदार को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**सिंह:** कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आपकी मनोकामना की पूर्ति होगी। प्रिय मित्रों के साथ आप समय बिताना चाहेंगे। धन का लेन-देन सावधानी पूर्वक करें। सरकारी कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। नये कार्यों में आप रुचि लेंगे। शेयर मार्केट से आपको बड़ा धन लाभ प्राप्त हो सकता है।

**कन्या:** आपको अपने आत्मसम्मान की चिन्ता रहेगी। नौकरीपेशा लोगों के लिये दिन बहुत अच्छा है। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से आपको लाभ होगा। तकनीक सम्बन्धी कार्यों में आपको धन लाभ मिलेगा। लम्बी दूरी की यात्रा करने के योग बन रहे हैं।

**तुला:** आज आप काफी सारे कार्यों में एक साथ रुचि लेंगे। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। मित्रों के माध्यम से आपको शुभ सूचना मिल सकती है। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे। गैरकानूनी कार्यों से आपको दूर रहना चाहिये।

**वृश्चिक:** गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिये। विवादों से दूर रहें वरना आपकी छवि खराब हो सकती है। अपनी गलतियों को स्वीकारने में न हिचकें। अपने दिल की बातें दूसरों से शेयर न करें। स्वार्थी प्रवृत्ति के मित्रों के कारण आपको परेशानी होगी। आज यात्रा करने से बचें।

**धनु:** व्यवसाय में आपको अचानक धन लाभ प्राप्त होगा। किसी बड़ी परियोजनाओं की शुरूआत करने के लिये दिन उत्तम है। जल्दबाजी में कोई कार्य न करें। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहने वाला है। घरेलू उलझनों से आपको छुटकारा मिलेगा। योजनाबद्ध तरीके से आप सभी काम करेंगे।

**मकर:** वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। आपकी कार्यशैली से अधिकारी बहुत प्रसन्न रहेंगे। लम्बे समय से चली आ रही कोई समस्या दूर होगी। काम की अधिकता के बावजूद आप काफी प्रसन्न रहेंगे। अपने सहकर्मियों पर विश्वास बनाये रखें।

**कुंभ:** अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। लेकिन आप अपनी लापरवाही से उन अवसरों को खो सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों को लेकर आज थोड़ा गम्भीरता दिखाना आवश्यक है। इससे आपको उनकी समस्याओं को समझने में आसानी होगी। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

**मीन:** कार्यक्षेत्र में आप जल्दी काम समेटने में लगे रहेंगे। अधिकारी वर्ग आपके प्रति सम्मान का भाव रखेगा। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। शुभचिन्तकों का निरादर न करें। आपका मनोबल थोड़ा कमजोर रहेगा। आज आप दिखावे में काफी धन खर्च कर सकते हैं।

# सावन शिवरात्रि पर इस मंत्र और आरती से होंगे भगवान भोलेनाथ प्रसन्न

सावन माह महादेव को अति प्रिय है। इस दौरान आने वाले सभी सोमवार को भोलेनाथ की पूजा का विधान है। वहीं सावन में शिवरात्रि का दिन सभी भक्तों के लिए बेहद खास होता है। मान्यता है कि इस दिन शिवलिंग का अभिषेक करने से मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती हैं। साथ ही महादेव भी प्रसन्न होते हैं। सावन शिवरात्रि इस माह का मुख्य पर्व होता है, जिसे भारत में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। सावन माह की शुरूआत में कांवड़ यात्रा भी निकाली जाती है, जिसका समापन सावन शिवरात्रि पर होता है। इस साल 22 जुलाई 2024 से सावन माह की शुरूआत हुई है। इसी दिन से कांवड़ यात्रा भी निकाली गई थी, जिसका समापन 2 अगस्त 2024 सावन शिवरात्रि पर हो रहा है। इस दिन कांवड़िए गंगा नदी से लाए हुए जल से शिवलिंग का अभिषेक करते हैं। इस दौरान कुछ लोग घरों में ही महादेव की पूजा करते हैं, जिससे जीवन में सुख-समृध्दि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। ऐसे में पूजा के दौरान कुछ खास मंत्र, शिव चालीसा और आरती करने से महादेव की कृपा बनी रहती है। आइए इन सभी के बारे में जान लेते हैं।

### शिव जी के मंत्र

**महामृत्युंजय मंत्र**

ऊँ हौं जूं सः ऊँ भुर्भवः स्वः ऊँ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
ऊर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्ऊँ भुवः भूः स्वः ऊँ सः जूं हौं ऊँ।।

**शिव जी का मूल मंत्र**

ऊँ नमः शिवाय।।

**भगवान शिव के प्रभावशाली मंत्र**

ओम साधो जातये नमः।। ओम वाम देवाय नमः।।
ओम अघोराय नमः।। ओम तत्पुरूषाय नमः।।
ओम ईशानाय नमः।। ॐ ह्रीं ह्रौं नमः शिवाय।।

**शिव के प्रिय मंत्र**

ॐ नमः शिवाय।
नमो नीलकण्ठाय।
ॐ पार्वतीपतये नमः।



### शिव जी की आरती

ओम जय शिव ओंकारा, स्वामी जय शिव ओंकारा।
ब्रह्मा, विष्णु, सदाशिव अर्द्धांगी धारा।।
ओम जय शिव ओंकारा।।
एकानन चतुरानन पञ्चानन राजे। हंसानन गरूड़ासन
वृषवाहन साजे।।
ओम जय शिव ओंकारा।।
दो भुज चार चतुर्भुज दसभुज अति सोहे।
त्रिगुण रूप निरखते त्रिभुवन जन मोहे।।
ओम जय शिव ओंकारा।।
अक्षमाला वनमाला मुण्डमालाधारी।
त्रिपुरारी कंसारी कर माला धारी।।
ओम जय शिव ओंकारा।।
श्वेताम्बर पीताम्बर बाघम्बर अंगे।
सनकादिक गरुड़ादिक भूतादिक संगे।।
ओम जय शिव ओंकारा।।
ब्रह्मा विष्णु सदाशिव जानत अविवेका।
मधु कैटव दोउ मारे, सुर भयहीन करे।।
ओम जय शिव ओंकारा।।
लक्ष्मी, सावित्री पार्वती संगा।
पार्वती अर्द्धांगी, शिवलहरी गंगा।।
ओम जय शिव ओंकारा।।
पर्वत सोहें पार्वतू, शंकर कैलासा।
भांग धतूर का भोजन, भस्मी में वासा।।
ओम जय शिव ओंकारा।।
जया में गंग बहत है, गल मुण्ड माला।
शेषनाग लिपटावत, ओढ़त मृगछाला।।
ओम जय शिव ओंकारा।।
काशी में विराजे विश्वनाथ, नन्दी ब्रह्मचारी।
नित उठ दर्शन पावत, महिमा अति भारी।।
ओम जय शिव ओंकारा।।
त्रिगुणस्वामी जी की आरति जो कोई नर गावे।
कहत शिवानन्द स्वामी मनवान्छित फल पावे।।
ओम जय शिव ओंकारा।। ओम जय शिव ओंकारा।।

# बार-बार खाने में बाल आने का क्या है अर्थ

धार्मिक ग्रंथों में भोजन बनाने से लेकर उसके सेवन से जुड़े सभी नियमों का उल्लेख है। इन नियमों का पालन करने से परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। माना जाता है कि जिस घर में भोजन से जुड़े सभी नियमों का पालन होता है, वहां हमेशा लक्ष्मी जी की कृपा बनी रहती है। साथ ही अन्नपूर्णा देवी भी प्रसन्न होती हैं। लेकिन कई बार खाना बनाते समय कुछ ऐसे संकेत मिलते हैं, जो शायद किसी घटना की ओर इशारा करते हैं। आमतौर पर खाना बनाते समय या खाते समय बाल आ जाता है। कुछ लोग इसका कारण घर में गंदगी या सब्जियों को सही तरीके से साफ न करना मानते हैं। हालांकि इसकी एक वजह पितृ दोष भी हो सकती है। शास्त्रों के अनुसार खाना खाते समय जब थाली में तुरंत बाल दिख जाए, तो इसे पितृ दोष का संकेत माना जाता है। बाल वाले भोजन का सेवन करने से अशुभ परिणामों की प्राप्ति हो सकती है, इसलिए इसका सेवन नहीं करना चाहिए। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि खाने में बाल आना और किन बातों का संकेत होता है।

## इन बातों का है संकेत



हिंदू धर्म में भोजन के समय मुंह में बाल आना अशुभ होता है। इसे किसी घटना के आगमन का प्रतीक माना जाता है। शास्त्रों के मुताबिक बार-बार खाने में बाल आना राहु का अशुभ प्रभाव हो सकता है। बता दें, राहु के प्रभाव से न केवल धन हानि होती है, बल्कि ये स्वास्थ्य समस्याओं को भी बढ़ाता है। कई बार भोजन परोसते समय भी बाल आ जाते हैं, जिसे किसी अशुभ समाचार मिलने का संकेत माना गया है।

## पितृदोष मुक्ति के उपाय

खाने में बाल आना पितृ दोष का संकेत होता है। ऐसे में आप कुछ उपायों की सहायता से दोष दूर कर सकते हैं। बता दें परिवार के सभी सदस्यों के साथ आप बारबार मात्रा में सिक्के लें। फिर उन सिक्कों का मंदिर में दान करें। इससे पितृदोष से मुक्ति मिल सकती है। वहीं अमावस्या तिथि पर प्रातःकाल और संध्या के समय घर में पूजा के दौरान कपूर जलाएं। माना जाता है कि इस उपाय को करने से पितृ दोष दूर होता है।

पितृदोष से मुक्ति के लिए आप किसी भी माह की अमावस्या तिथि पर कौवा, चिड़िया, कुत्ते और गाय को भोजन कराएं। ऐसा करना शुभ होता है। इस दौरान माथे पर केसर का तिलक लगाएं और विष्णु जी के मंत्रों का जाप करें। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नमक, गुड, छाता, सफेद कपड़े आदि दान करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

# नागों से जुड़ी हैं ये मान्यताएं, आखिर क्यों मनुष्यों के बीच रहस्यमयी हैं सर्प

हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, नागों की उत्पत्ति समुद्र मंथन के समय हुई थी। जब देवता और दानव मिलकर समुद्र मंथन कर रहे थे, तब उसमें से अमृत के साथ-साथ कई विषैले पदार्थ भी निकले थे। इन विषैले पदार्थों को पीने से भगवान शिव का गला नीला पड़ गया था, इसलिए उन्हें नीलकंठ कहा जाता है। इस विष को पीने के बाद भगवान शिव ने इसे अपने शरीर में ही रख लिया था। सनातन धर्म इसको लेकर कई मान्यताएं हैं, जिसको लेकर नागपंचमी का त्योहार मनाया जाता है। नागपंचमी का त्योहार हिंदू धर्म में बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन नाग देवता की पूजा की जाती है और उनकी आराधना की जाती है। नागों को हिंदू धर्म में देवता माना जाता है और इनकी पूजा करने से कई तरह के लाभ मिलते हैं। इस साल नागपंचमी का त्योहार 09 अगस्त 2024 को मनाया जाएगा। लेकिन क्या आप जानते हैं कि नागों से जुड़ी कई ऐसी मान्यताएं हैं जो उन्हें मनुष्यों के लिए रहस्यमयी बनाती हैं? आइए जानते हैं नागों से जुड़ी कुछ रोचक बातें। नागपंचमी का त्योहार देशभर के कई हिस्सों में मनाया जाता है। बिहार, बंगाल, राजस्थान आदि जगहों पर में विशेष तौर धूमधाम से मनाया जाता है। इन सभी राज्यों में इस पावन पर्व के साथ कई परंपराएं भी जुड़ी हुई हैं, जिनका संबंध लोगों के जीवन से जुड़ी खुशहाली, सुख-समृद्धि से है, जिसके बारे में आपको भी जानना चाहिए। उत्तर भारत के कई गावों में नागपंचमी के दिन घर के मुख्यद्वार पर गाय के गोबर से नाग बनाकर उनकी पूजा की जाती है। मान्यताओं के अनुसार इस पूजा से सांप से जुड़े तमाम तरह के भय दूर होते हैं। नाग पंचमी के दिन नाग देवता की पूजा के बाद दूध की मीठी खीर और दही से खट्टी खीर बनाई जाती है। इन दोनों तरह की खीर का नाग देवता को भोग लगाया जाता है। नागपंचमी के दिन दही वाली खीर खाने के पीछे मान्यता है कि इससे नाग का भय दूर होता है।

# जानिए मंदिर से लौटते समय घंटी न बजाने के पीछे की वजह



हिंदू धर्म में मंदिर जाने की परंपरा सदियों पुरानी है। मंदिर जाने पर हम कई रीति-रिवाजों का पालन करते हैं, जिनमें से एक है मंदिर की घंटी बजाना। अक्सर हम मंदिर आते-जाते समय घंटी बजाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शास्त्रों के अनुसार मंदिर से निकलते समय घंटी नहीं बजाई जाती है? आइए इस लेख में इसी के बारे में विस्तार से जानते हैं, साथ ही ये भी जानेंगे कि हिंदू धर्म में घंटी का क्या महत्व है और उसे बजाने का सही तरीका क्या है?

## मंदिर की घंटी का महत्व

हिंदू धर्म में ऐसा माना जाता है कि सृष्टि की रचना के समय सबसे पहले घंटी की ही ध्वनि गूंजी थी। यह भी कहा जाता है कि घंटी बजाने से ॐकार मंत्र का उच्चारण होता है। घंटी की जो ध्वनि होती है उसका सीधा असर हमारे दिमाग पर पड़ता है। अच्छी बात ये है कि इस बात की पुष्टी विज्ञान में भी की गई है। घंटी की ध्वनि से मंदिर की मूर्तियों में चेतना का संचार होता है और भक्ति भाव बढ़ता है। खैर अब आइए जानते हैं कि मंदिर से लौटते समय आखिर क्यों नहीं घंटी बजाई जाती है।

## मंदिर से निकलते समय घंटी क्यों नहीं बजाई जाती

पुराणों के अनुसार, जब हम मंदिर जाते हैं तो हमारे मन में कई तरह के विचार आते हैं, जिनमें कुछ नकारात्मक विचार भी हो सकते हैं। मंदिर में प्रवेश करते समय घंटी बजाने से ये नकारात्मक विचार नष्ट हो जाते हैं। घंटी, शंख और घंटा की ध्वनि दिव्य होती है, जो हमारे शरीर से नकारात्मक ऊर्जा और विचारों को दूर करती है। मंदिर की घंटी की पवित्र ध्वनि से शरीर से सारी नकारात्मक ऊर्जा और विचार दूर हो जाते हैं। लेकिन जब हम मंदिर से बाहर निकल रहे होते हैं तो घंटी बजाने से सारी दिव्य ऊर्जा भ्रमित होकर नष्ट हो जाती हैं। यही कारण है कि सकारात्मक ऊर्जा को बनाए रखने के लिए मंदिर से बाहर निकलते समय घंटी नहीं बजानी चाहिए।

## मंदिर में प्रवेश करते समय ही क्यों बजाई जाती है घंटी

सनातन धर्म में पूजा और आराधना का बहुत महत्व होता है। शास्त्रों के अनुसार मंदिर जाते समय घंटी बजाने से हमारे शरीर की सारी नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है और साथ ही यह आपके लिए सुख-समृद्धि के द्वार खोलती है। एक मान्यता ये भी है कि भगवान को घंटी की ध्वनि बहुत पसंद आती है, इसलिए घंटी बजाकर उन्हें जगाया जाता है। घंटी बजाकर भक्त भगवान से मंदिर में प्रवेश करने की अनुमति मांगते हैं, देवी-देवताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हैं और फिर उन्हें अपना अभिवादन अर्पित करते हैं। घंटी की ध्वनि से मंदिर और आसपास का वातावरण शुद्ध होता है, क्योंकि इससे शरीर और वातावरण में मौजूद सभी रोग नष्ट हो जाते हैं। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि मंदिर की घंटी का संबंध केवल परंपरा से नहीं, बल्कि विज्ञान और धार्मिक मान्यताओं से भी जुड़ा हुआ है।

# पूर्वी लद्दाख विवाद के मद्देनजर भारत-चीन के बीच दिल्ली में 'रचनात्मक' वार्ता हुई

## बैठक में चर्चा गहन, रचनात्मक और दूरदर्शी रही: विदेश मंत्रालय

एजेंसी
नई दिल्ली

भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चार साल से जारी सीमा गतिरोध को हल करने के लिए बुधवार को 'रचनात्मक' कूटनीतिक वार्ता की लेकिन किसी भी सफलता का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला। विदेश मंत्रालय ने कहा कि शांति और स्थिरता की बहाली तथा एलएसी के प्रति सम्मान द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति की बहाली के लिए 'आवश्यक आधार हैं।' यह वार्ता भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) के ढांचे के तहत दिल्ली में हुई। यह वार्ता विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा लाओस की राजधानी वियनतियाने में अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ द्विपक्षीय बैठक के कुछ दिनों बाद हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'बैठक में चर्चा गहन, रचनात्मक और

**सूत्रों के अनुसार वार्ता में किसी सफलता का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला**

दूरदर्शी रही। दोनों पक्षों ने स्थापित राजनयिक और सैन्य चैनल के माध्यम से संवाद बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की।' बयान में कहा गया, 'दोनों पक्षों ने सरकारों के बीच प्रासंगिक द्विपक्षीय समझौतों, प्रोटोकॉल और सहमति के अनुसार सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर शांति और स्थिरता को संयुक्त रूप से बनाए रखने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की।'

हालांकि, वार्ता में किसी सफलता का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला। चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा और महासागरीय विभाग के महानिदेशक हांग लियांग ने किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार,



लियांग ने विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री से भी मुलाकात की।

डब्ल्यूएमसीसी की पिछली वार्ता मार्च में बीजिंग में हुई थी। मंत्रालय ने कहा, 'अस्ताना और वियनतियाने में हाल में हुई बैठकों में दोनों विदेश मंत्रियों के बीच हुई चर्चा के बाद, दोनों पक्षों ने लंबित मुद्दों का शीघ्र समाधान निकालने के उद्देश्य से एलएसी पर वर्तमान स्थिति की समीक्षा की।' विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) गौरांगलाल दास ने डब्ल्यूएमसीसी की 30वीं बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। विदेश मंत्री जयशंकर और चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने 25 जुलाई को आसियान से संबंधित बैठकों के दौरान वियनतियाने में वार्ता की थी।

वार्ता में दोनों मंत्रियों ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गतिरोध वाले शेष वाले स्थानों से यथाशीघ्र सैनिकों की पूर्ण वापसी के लिए 'उद्देश्यपूर्ण और तत्परता' से काम करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। जयशंकर और वांग यी ने चार जुलाई को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान अस्ताना में भी द्विपक्षीय बैठक की थी। भारत और चीन की सेनाओं के बीच मई 2020 से गतिरोध जारी है तथा सीमा विवाद का पूर्ण समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। हालांकि दोनों पक्ष टकराव वाले कई स्थानों से पीछे हट गए हैं।

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स-निफ्टी अपने नए उच्चतम स्तर पर

एजेंसी
मुंबई

धातु, बिजली और चुनिंदा वाहन कंपनियों के शेयरों में तेजी के दम पर बुधवार को घरेलू शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। बीएसई सेंसेक्स में 286 अंक की बढ़त रही जबकि एनएसई निफ्टी 94 अंक चढ़कर बंद हुआ। इस तरह घरेलू शेयर बाजार लगातार चौथे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। इस दौरान बाजार ने नए रिकॉर्ड भी बनाए हैं। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 285.94 अंक यानी 0.35 प्रतिशत बढ़कर अपने अबतक के उच्चतम 81,741.34 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 372.64 अंक उछलकर 81,828.04 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 93.85 अंक यानी 0.38 प्रतिशत बढ़कर 24,951.15 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें एक समय 127.3 अंक की बढ़त दर्ज की गई थी। जियोजीत



फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'निफ्टी 25,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करने का प्रयास कर रहा है। जहां जून तिमाही में कंपनियों के कमजोर नतीजे और बढ़ा हुआ मूल्यांकन चुनौती दे रहा है वहीं इसे सकारात्मक वैश्विक रुझान और क्षेत्रों में बदलाव रफ्तार दे रहे हैं।' उन्होंने कहा कि मध्यम अवधि में अमेरिकी फेडरल रिजर्व और रिजर्व बैंक के ब्याज दर चक्र को सुगम बनाने की उम्मीदों से भी बाजार धारणा मजबूत हो रही है। सेंसेक्स की कंपनियों में जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी इंडिया, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन, भारती एयरटेल, आईटीसी और टेक महिंद्रा प्रमुख लाभ में रहीं। दूसरी तरफ रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट रही। एशिया के अन्य बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के अधिकांश बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.88 प्रतिशत बढ़कर 80.51 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 5,598.64 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। मंगलवार को सेंसेक्स 99.56 अंक बढ़कर 81,455.40 अंक पर और निफ्टी 21.20 अंक चढ़कर 24,857.30 अंक पर बंद हुआ था।

## हिजबुल्ला ने बेरूत पर इजराइली हमले में अपने शीर्ष कमांडर के मारे जाने की पुष्टि की

एजेंसी
बेरूत



लेबनानी चरमपंथी समूह हिजबुल्ला ने इजराइल द्वारा मंगलवार को बेरूत में किए गए अप्रत्याशित हमले में अपने शीर्ष कमांडर फौद शुकूर के मारे जाने की पुष्टि की है। ईरान समर्थित समूह ने पहले कहा था कि हमले के दौरान उसका कमांडर फौद शुकूर इमारत में ही था और स्थिति का पता लगाने के लिए मलबे की तलाशी ली जा रही है।

हिजबुल्ला ने यह घोषणा ऐसे समय की है जब तेहरान में रात में हुए हमले में हमास नेता इस्माइल हनिया को भी मार गिराया गया। हमास और ईरान ने हनिया की मौत के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है। इजराइल ने मंगलवार देर रात कहा था कि उसने शुकूर को मार गिराया है। शुकूर के बारे में कहा जाता है कि इजराइल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स क्षेत्र में सप्ताहांत हुए रॉकेट हमले के पीछे उसका था जिसमें 12 युवक मारे गए थे। अमेरिका ने शुकूर पर 1983 में लेबनान में मरीन कॉर्प्स बैरक पर बमबारी की साजिश रचने का आरोप लगाया था जिसमें 241 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, बेरूत पर हुए हमले में कम से कम पांच आम नागरिकों की मौत हुई है जिनमें दो बच्चे और तीन महिलाएं शामिल हैं।

## नोएडा में झुग्गी में आग लगी, तीन बच्चियों की मौत

**नोएडा (उप्र)।** नोएडा के फेस-वन थानाक्षेत्र में बुधवार तड़के एक झुग्गी में आग लग गई जिससे तीन बच्चियों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रामबदन सिंह ने बताया कि तड़के करीब तीन बजकर 40 मिनट पर फेस-वन थाना क्षेत्र में सेक्टर आठ में दौलत राम की झुग्गी में आग लग गयी। उन्होंने बताया कि इस घटना में दौलत राम (32), उसकी तीन बेटियां आस्था (10), नैना (सात) एवं आराध्या (पांच) बुरी तरह से झुलस गए। उन्होंने बताया कि चारों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने नैना, आस्था और आराध्या को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि दौलत राम को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जाने की सलाह दी गयी। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया तथा आसपास की झुग्गियों में आग फैलने से रोकी गई। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया। उनके अनुसार जब अग्निशमन कर्मियों ने झुग्गी के अंदर प्रवेश किया तो चारों लोग झुलसे अवस्था में मिले।

## पीडब्ल्यूडी ने नालों की सफाई के लिए एसओपी जारी की

एजेंसी
नई दिल्ली

दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने ओल्ड राजेंद्र नगर में एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भर जाने की वजह से संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की डूबने से हुई मौत के मद्देनजर बुधवार को नालियों की उचित सफाई, पंपों के संचालन, सड़क मरम्मत कार्य और बिजली के करंट से बचने के लिए एहतियाती उपाय के तहत एक मानक परिचालन प्रकिया (एसओपी) जारी की। पीडब्ल्यू द्वारा जारी आधिकारिक ज्ञापन के मुताबिक, नालों से निकाली गई गाद को अधिकतम दो घंटे के भीतर अधिकृत 'डम्पिंग ग्राउंड' में डाला जाना चाहिए क्योंकि बारिश के दौरान गाद को सूखने के लिए सीमित समय मिलता है। दिल्ली में इस मानसून में भारी बारिश हुई है, जिसके कारण कम समय में ही जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। दिल्ली में बुधवार को भी एक घंटे में सौ मिलीमीटर से अधिक बारिश



दर्ज की गई, जिसके कारण कई इलाकों में जलभराव हो गया, जिसके कारण मौसम विभाग को 'रेड' अलर्ट जारी करना पड़ा। ज्ञापन में कहा गया कि हाल ही में बिजली का करंट लगने, बेसमेंट में पानी भर जाने, नालियों में गिरने और सड़कों पर गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं होने की कई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं को देखते हुए सभी नालों से गाद पूरी तरह साफ करनी होगी। पीडब्ल्यूडी ने कहा, 'नालों के कुछ हिस्सों पर अतिक्रमण है और उस अतिक्रमण को पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को खुद या दिल्ली पुलिस, जिलाधिकारी, एमसीडी आदि की मदद से हटाना होगा, लेकिन किसी भी मामले में गाद हटाने से बचना नहीं चाहिए क्योंकि इससे बाढ़ आती है। राजेंद्र नगर में भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिली, जहां अतिक्रमण के कारण नाले से गाद नहीं निकाली जा सकी और बेसमेंट में पानी भर जाने से छात्रों की मौत हो गई।' एसओपी के मुताबिक, नालों से बाहर पानी बहने की स्थिति में उसकी जांच की जानी चाहिए और आखिरी बिंदु पर संभावित रुकावटों का पता लगाकर तुरंत गाद निकाली जानी चाहिए। इसमें कहा गया है कि एक बार गाद निकालना पर्याप्त नहीं है क्योंकि ठोस कचरा पीडब्ल्यूडी नाले में आ रहा है। इसलिए, सभी नालों को आवश्यक मशीनों आदि की तैनाती करके हर समय गाद निकालते रहना चाहिए। एसओपी के अनुसार, गाद निकालने से पहले और बाद की तस्वीरें एवं वीडियो रिकॉर्ड में रखे जाने चाहिए।

## पिकअप वाहन पलटने से एक बच्चे सहित दो लोगों की मौत, 27 बच्चे घायल

**जयपुर।** राजस्थान के चूरू जिले में बुधवार को स्कूली बच्चों से भरा एक पिकअप वाहन पलटने से एक बच्चे सहित दो लोगों की मौत हो गई जबकि 27 अन्य बच्चे घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि साहवा थाना क्षेत्र में मेघसर से झाड़सर गजिया रोड पर स्कूली बच्चों से भरा एक पिकअप वाहन पलटने से एक बच्चे सहित दो लोगों की मौत हो गयी जबकि 27 अन्य बच्चे घायल हो गये। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान कृष्ण मीणा (50) और आदित्य (12) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि घायलों में से 20 बच्चों को तारानगर के उप जिला अस्पताल में, पांच बच्चों को निजी अस्पताल में, एक बच्चा साहवा में और गंभीर रूप से घायल एक बच्चे को जयपुर स्थानांतरित किया गया है। पुलिस के मुताबिक, शवों को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल के शवगृह में रखा गया है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## अनुराग ठाकुर ने जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया वह निंदनीय : सचिन पायलट

एजेंसी
जयपुर



कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में जिस प्रकार के शब्दों का इस्तेमाल किया वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि संसद में बैठे लोगों को ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट ने टोंक में संवाददाताओं से कहा, 'मुझे बड़ा खेद है कि जिस प्रकार के वक्तव्य कल सदन में दिये गये। विपक्ष के नेताओं द्वारा राहुल गांधी को निशाना बनाया गया- जाति, धर्म, समाज की बात करना संसदीय प्रणाली में शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा, भाजपा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव परिणामों को पचा नहीं पा रही है। इसलिये राहुल गांधी को निशाना बना रही है। कल (मंगलवार) सदन के अंदर अनुराग ठाकुर ने जिस प्रकार के शब्दों का प्रयोग किया वह निंदनीय है। पायलट ने कहा, इस प्रकार की भाषा का प्रयोग मैं समझता हूं किसी को नहीं करना चाहिए खासतौर पर उन लोगों को, जो संसद में बैठे हैं। पूर्व कांग्रेस विधायक खिलाड़ी लाल बैरवा द्वारा हाल ही में भाजपा से इस्तीफा दिए जाने पर पायलट ने कहा, मुझे लगता है और भी बहुत से ऐसे लोग होंगे जो उस प्रणाली में फिट नहीं बैठ पायेंगे। बैरवा इसी साल भाजपा में शामिल हुए थे। कांग्रेस नेता ने कहा सबको साथ लेकर चलने की विचारधारा अगर किसी दल में है तो वो कांग्रेस पार्टी में है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी का सबसे बडा वादा तो यह था कि हम जनगणना कराएंगे, दूसरा किसानों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का कानून बनाएंगे ... दोनों बातों को केंद्र की सरकार ने नकार दिया और इसका खामियाजा उनको उठाना पड़ेगा क्योंकि यह जनता की मांग है।

## यूरोपीय संघ की मुद्रास्फीति जुलाई में बढ़कर 4.1 प्रतिशत हुई

**फ्रैंकफर्ट (जर्मनी)।** यूरो मुद्रा का इस्तेमाल करने वाले 20 देशों के समूह यूरोपीय संघ में जुलाई माह में मुद्रास्फीति बढ़कर 2.6 प्रतिशत हो गई जो यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। यूरोपीय सांख्यिकी इकाई यूरोस्टैट ने बुधवार को मुद्रास्फीति के आधिकारिक आंकड़े जारी किए। इसके पहले जून में मुद्रास्फीति 2.5 प्रतिशत पर थी। हालांकि, ईसीबी की जिस सेवा मुद्रास्फीति पर करीबी नजर रहती है, वह जुलाई में मामूली रूप से घटकर चार प्रतिशत पर आ गया जो जून में 4.1 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति के ये आंकड़े 12 सितंबर को होने वाली ईसीबी की बैठक में लिए जाने वाले फैसले को लेकर संदेह पैदा कर सकते हैं। ईसीबी की शासकीय परिषद ने जुलाई बैठक में नीतिगत दर में कोई कटौती नहीं की थी। इसके पहले जून की बैठक में इसे 0.25 प्रतिशत कम कर 3.75 प्रतिशत कर दिया गया था।

## रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के रूप में शपथ ली

एजेंसी
रायपुर



रमेन डेका ने बुधवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित राजभवन में आयोजित समारोह में प्रदेश के 10वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। पूर्व लोकसभा सदस्य और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय सचिव रहे 70 वर्षीय डेका ने मौजूदा राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन का स्थान लिया है। हरिचंदन पिछले वर्ष फरवरी में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल नियुक्त हुए थे। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने डेका को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने अंग्रेजी में, ईश्वर के नाम पर शपथ ली। शपथ लेने के बाद संवाददाताओं से उन्होंने कहा कि वह राज्य और केंद्र सरकार के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाएंगे और छत्तीसगढ़ के विकास के लिए काम करेंगे। राज्यपाल ने कहा, 'मैं छत्तीसगढ़ का राज्यपाल बनकर खुश हूं। मैं देखूंगा कि छत्तीसगढ़ एक विकसित राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़े और इसके लिए मैं केंद्र और राज्य सरकार के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाऊंगा।' उन्होंने कहा कि असम (उनके गृह राज्य) और छत्तीसगढ़ के बीच लंबे समय से संबंध हैं तथा वह इस संबंध को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे। डेका ने कहा, 'हमारे (छत्तीसगढ़ और असम) सामने एक जैसी समस्याएं हैं। मैं सबसे पहले छत्तीसगढ़ की भू-राजनीतिक स्थिति, जनसांख्यिकी और भूगोल को समझने की कोशिश करूंगा, फिर विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त करूंगा।' इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राज्य के मंत्री और वरिष्ठ नौकरशाह उपस्थित थे।

## राहुल गांधी की जाति पूछने में क्या गलत है: रीजीजू

एजेंसी
नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जाति पूछने में कुछ भी गलत नहीं है, क्योंकि वह (खुद भी) ऐसा ही करते रहते हैं और जाति के आधार पर 'देश को बांटने' की कोशिश करते हैं। संसदीय कार्य मंत्री ने सदन में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर की मंगलवार की टिप्पणी पर विपक्षी दलों द्वारा किये जा रहे विरोध प्रदर्शन के बारे में कहा कि कांग्रेस नेता (खुद) आए दिन लोगों की जाति पूछते रहते हैं। उन्होंने कहा, 'लोगों की जाति पूछकर कांग्रेस ने देश को बांटने की साजिश की है और जब राहुल गांधी की जाति के बारे में बात हुई तो इतना विरोध हो रहा है।' संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में रीजीजू ने कहा, 'कांग्रेस आए दिन जाति की बात करती है। जब वह (राहुल गांधी) मीडियाकर्मियों से मिलते हैं, तो वह उनकी जाति पूछते हैं, वह सशस्त्र बलों के जवानों की जाति पूछते हैं, वह भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों की जाति पूछते हैं।' मंत्री ने आश्चर्य जताते हुए कहा, 'वे लोगों की जाति पूछ सकते हैं और कोई उनकी जाति नहीं पूछ सकता। यह क्या है? (समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष) अखिलेश यादव ने भी राहुल गांधी का समर्थन किया। क्या वे देश और संसद से ऊपर हैं।' रीजीजू ने इसे देश, लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की साजिश करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया, 'कांग्रेस सड़कों से लेकर संसद तक हिंसा फैलाना चाहती है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा लोगों को बांटने के कांग्रेस के प्रयासों को सफल नहीं होने देगी। एक अन्य सवाल के जवाब में रीजीजू ने कहा कि प्रधानमंत्री अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय से आते हैं और सभी समुदायों के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं।

**चुनाव** | **'वर्चुअल रोल कॉल' पर वोटिंग एक अगस्त को शुरू होगी और पांच अगस्त को समाप्त होगी**

# कमला हैरिस राष्ट्रपति पद की दौड़ के लिए अर्हता प्राप्त करने वाली एकमात्र डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनीं

एजेंसी
वाशिंगटन

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए अपना नामांकन पक्का कर लिया है, क्योंकि वह देश भर से पार्टी के प्रतिनिधियों से 'वर्चुअल रोल कॉल' वोट के लिए अर्हता प्राप्त करने वाली एकमात्र उम्मीदवार के रूप में उभरी हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी ने आधिकारिक समय सीमा समाप्त होने के बाद मंगलवार रात घोषणा की कि देश भर से 3,923 प्रतिनिधियों ने हैरिस के डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से नामांकन के लिए आवेदन दिए थे और उन्हें भाग लेने वाले 99 प्रतिशत प्रतिनिधियों का समर्थन प्राप्त हुआ। डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी (डीएनसी) के अध्यक्ष जैमे हैरिसन और डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन कमेटी (डीएनसीसी) की अध्यक्ष मिनियन मूर ने एक संयुक्त बयान में



कहा कि कोई भी अन्य उम्मीदवार मतपत्र के लिए अर्हता प्राप्त करने के संबंध में 300 प्रतिनिधि हस्ताक्षर की सीमा को पूरा नहीं कर सका। बयान में कहा गया कि 'वर्चुअल रोल कॉल' पर वोटिंग एक अगस्त को शुरू होगी और पांच अगस्त को समाप्त होगी। यह वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से हैरिस आधिकारिक रूप से डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बन जाएंगी। इस बीच, हैरिस ने अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बहस के लिए चुनौती देते हुए कहा है कि उन्हें जो भी कहना है, वह उनके सामने कहें। जॉर्जिया के अटलांटा शहर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए हैरिस (59) ने कहा कि उनके दौड़ में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति चुनाव की प्रकृति बदल गई है। हैरिस ने आधिकारिक तौर पर अपनी उम्मीदवारी की घोषणा तब की जब मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन ने 20 जुलाई को दूसरे कार्यकाल के लिए दौड़ से हटने की घोषणा की। हैरिस ने कहा, 'वक्त की चाल बदल रही है। ऐसे संकेत हैं कि डोनाल्ड ट्रंप इसे महसूस कर रहे हैं। आपने पिछले हफ्ते देखा होगा, उन्होंने सितंबर में होने वाली बहस से खुद को अलग कर लिया, जिसके लिए उन्होंने पहले सहमति जताई थी।' उन्होंने उत्साहित भीड़ से कहा, 'डोनाल्ड, मुझे उम्मीद है कि आप बहस के मंच पर मुझसे मिलने के बारे में पुनर्विचार करेंगे, क्योंकि अगर आपको कुछ कहना है तो मेरे सामने कहिए।' हैरिस की प्रचार टीम के अनुसार, महत्वपूर्ण चुनावी मैदान अटलांटा में उनकी रैली में लगभग 10,000 लोग शामिल हुए। हैरिस ने कहा, 'व्हाइट हाउस का रास्ता सीधे इसी राज्य से होकर जाता है और आप सभी ने 2020 में हमें जीतने में मदद की और हम 2024 में फिर से ऐसा करने जा रहे हैं।' वहीं, ट्रंप की प्रचार टीम ने महत्वपूर्ण चुनावी राज्यों में एक नया विज्ञापन जारी किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि 'खतरनाक रूप से उदार' कमला हैरिस अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर अवैध प्रवासियों की घुसपैठ को रोकने में विफल रहीं। हालांकि हैरिस की प्रचार टीम ने इस आरोप को खारिज कर दिया है। ट्रंप की प्रचार टीम की वरिष्ठ सलाहकार डैनियल अल्वारेज ने कहा, 'कमला हैरिस की विफलता ने अमेरिका को कम सुरक्षित बना दिया है। प्रवासी अपराध बढ़ गए हैं, आतंकवादी देश की खुली सीमा से घुस आए हैं, मानव तस्करी हर राज्य को प्रभावित कर रही है।

## संक्षिप्त-समाचार

### गुजरात सरकार ने 18 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला किया

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने बुधवार को नौकरशाही में बड़े पैमाने पर फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 18 वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी। इनमें वे तीन अधिकारी भी शामिल हैं जो केंद्र और ऑरोविले फाउंडेशन में कार्यकाल पूरा करने के बाद वापस राज्य कैडर में लौटे हैं। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, गुजरात कैडर के आईएएस अधिकारी एवं केंद्र में रक्षा उत्पादन विभाग के अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्य कर चुके टी. नटराजन को राज्य वित्त विभाग में प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक, गुजरात कैडर की एक अन्य आईएएस अधिकारी और तमिलनाडु में ऑरोविले फाउंडेशन में सचिव के रूप में कार्य कर लौटीं जयंती रवि को राजस्व विभाग में अपर मुख्य सचिव (एसीएस) नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पूर्व निजी सचिव राजीव टोपनो विश्व बैंक में अपने कार्यकाल के बाद गुजरात वापस लौट आए हैं। उन्हें अहमदाबाद में राज्य कर के मुख्य आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। वह आरती कंवर की जगह लेंगे। नटराजन द्वारा पदभार ग्रहण तक टोपनो प्रधान सचिव (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। अधिसूचना के मुताबिक, अन्य उल्लेखनीय फेरबदल में राजस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार दास का तबादला कर उन्हें मुख्यमंत्री का अपर मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। वह एसीएस (गृह) का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव पंकज जोशी एसीएस (बंदरगाह और परिवहन) के पद का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की एसीएस सुनैना तोमर का तबादला कर उन्हें एसीएस (शिक्षा) नियुक्त किया गया है।

### नौसेना के नाविक की शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान डूबकर मौत

**पणजी।** गोवा में 'स्विमिंग पूल' में शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान डूबने से नौसेना के एक नाविक की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि नाविक उस्मान गनी अंसारी की 30 जुलाई को शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान डूबने से मौत हो गई। उन्होंने कहा कि यह तैराकी नौसेना की वर्दी में की जाती है, क्योंकि यदि समुद्र में कोई दुर्घटना होती है, तो कर्मी को उसी वर्दी में तैरना पड़ सकता है। प्रवक्ता ने कहा, परीक्षा की तैराकी वाला हिस्सा पूरा करने के बाद, तैरने के दौरान नाविक डूब गया। लाइफगार्ड द्वारा उन्हें स्विमिंग पूल से निकालकर तुरंत नौसेना अस्पताल आईएनएचएस जीवंती ले जाया गया। हालांकि, उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस को सूचित कर दिया गया है और नौसेना ने घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रवक्ता ने कहा कि नाविक के परिवार में उनकी पत्नी हैं।

### राहुल ने लोकसभा में सरकार से वायनाड के लोगों की मदद का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह केरल के वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित लोगों की मदद करे तथा पारिस्थितिकी से जुड़े मुद्दों के समाधान पर ध्यान दे। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दौरान सरकार से यह अनुरोध किया। कांग्रेस नेता ने कहा, 'यह एक भयावह त्रासदी है। सेना अच्छा काम कर रही है। यह बहुत जरूरी है कि हम वायनाड के लोगों की मदद करें। सरकार से आग्रह है कि इस मुश्किल समय में वायनाड के लोगों की मदद करे।' उन्होंने कहा, 'यह बहुत स्पष्ट है कि इससे पारिस्थितिकी के मुद्दे भी जुड़े हैं, इनके समाधान पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।'

### देश में स्मार्टफोन की बिक्री जून तिमाही में दो प्रतिशत घटी: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** जून तिमाही में तेज गर्मी और सुस्त मांग की वजह से देश में स्मार्टफोन की बिक्री सालाना आधार पर दो प्रतिशत घट गई। मात्रा के लिहाज से शाओमी शीर्ष स्थान पर रही जबकि बिक्री मूल्य में सैमसंग सबसे आगे रही। वैश्विक शोध फर्म काउंटरपॉइंट की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में अप्रैल-जून तिमाही में बिकने वाले स्मार्टफोन में 5जी उपकरणों की हिस्सेदारी 77 प्रतिशत रही जो अबतक का सर्वाधिक अनुपात है। एक और खास बात यह है कि मूल्य के लिहाज से भारतीय स्मार्टफोन बाजार ने जून तिमाही का अपना सर्वाधिक आंकड़ा हासिल किया। इसमें प्रीमियम उत्पादों को लेकर जारी चलन की अहम भूमिका रही। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में स्मार्टफोन बिक्री में अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर दो प्रतिशत की गिरावट आई है। यह गिरावट गर्मी, मौसम-जनित सुस्ती और मंदी और धीमी मांग के कारण रही। हालांकि, स्मार्टफोन कंपनियों ने अपने स्टॉक को निकालने के लिए जून तिमाही में कई बिक्री प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किए। वरिष्ठ शोध विश्लेषक शिल्पी जैन ने इन आंकड़ों पर कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में आलोच्य तिमाही में तेज गर्मी पड़ने से दुकानों तक ग्राहक कम पहुंचे। इसके अलावा गर्मी से बचने के लिए ऑफलाइन चैनल में कम ग्राहक आए और स्मार्टफोन की खरीदारी में देरी हुई क्योंकि उपभोक्ताओं ने एयर-कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर जैसे उपकरणों को प्राथमिकता दी। पिछली तिमाही में शाओमी 23 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ शीर्ष स्थान पर रही। कुल बिक्री में उसकी हिस्सेदारी 18.9 प्रतिशत रही जबकि वीवो 18.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर रही। हालांकि, मूल्य के मामले में सैमसंग 25 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ बाजार में सबसे आगे रही। उसके बाद वीवो और एप्पल का स्थान रहा।

### बीएचईएल का पहली तिमाही का शुद्ध घाटा बढ़कर 211.40 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लि. (बीएचईएल) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 211.40 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में घाटा 204.70 करोड़ रुपये था। बीएचईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी कुल आय बढ़कर 5,581.78 करोड़ रुपये हो गई। पिछले साल समान अवधि में यह 5,117.20 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का खर्च 5,874.98 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 5,409.47 करोड़ रुपये था। बीएचईएल भारत की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग व विनिर्माण कंपनियों में से है।

# डबल इंजन की सरकार कर रही शहीदों के सपनों को साकार : नायब सिंह सैनी

## डेरा बाबा भूमणशाह में 84वें शहीदी महासम्मेलन में मुख्यमंत्री ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि, 9वीं कक्षा की इतिहास की पुस्तक में प्रदेश सरकार ने शहीद उधम सिंह की जीवनी शामिल कर दी सच्ची श्रद्धांजलि

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए उनके दिखाए मार्ग पर चल रही है। देश व प्रदेश में विकास कार्यों में आमूलचूल परिवर्तन आया है। डबल इंजन की सरकार ने नई योजनाओं को शुरू करके शहीदों के सपनों को पूरा करने का बीड़ा उठाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 9वीं कक्षा की इतिहास की पुस्तक में प्रदेश सरकार ने शहीद उधम सिंह जी की जीवनी को शामिल किया है। यह उनके प्रति हमारी एक सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री बुधवार को जिला सिरसा में डेरा बाबा भूमणशाह संगर सरिस्ता में शिरोमणि शहीद उधम सिंह के 84वें शहीदी महासम्मेलन में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत एक विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि क्रांतिकारी वीरों की शहादत की बदौलत आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहीद उधम सिंह एक महान क्रांतिकारी थे। उन्होंने बाल्यकाल में ही यह संकल्प धारण कर लिया था कि जलियांवाला बाग हत्याकांड के दोषी जनरल डायर से बदला लेंगे। उन्होंने कहा कि 21 सालों की कड़ी तपस्या के बाद शहीद उधम सिंह ने एक सभा में जनरल डायर को गोलियां मार कर जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लिया।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने हमारे क्रांतिकारियों पर अनेक जुल्म ढाए। क्रांतिकारी वीरों ने तपस्या की, कष्ट सहन किए। उनकी गाथा सुनकर आज हमारे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। उन्होंने शहीद उधम सिंह के माता पिता को भी याद किया कि उन्होंने ऐसे महान वीर को जन्म दिया। मुख्यमंत्री ने सिरसा, करनाल, रादोर, भुन्ना, कुरुक्षेत्र, रतिया, जगाधरी में निमार्णाधीन कंबोज धर्मशालाओं के लिए 51 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने हिसार के पुराने गवर्नमेंट कॉलेज के मैदान में लगी शहीद उधम सिंह की प्रतिमा के पास उनके नाम पर लाइब्रेरी बनाने की घोषणा भी की। साध संगत द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष गांव मुसाहिबवाला से गुजरने वाली घग्गर नदी से रंगोई





नाला के विस्तारीकरण की मांग रखी गई। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नाले को निकालने के लिए व्यवहारिकता जांची जाएगी और सभी प्रकार के मापदंड पूरे होने पर सरकार इसे मंजूरी देगी। उन्होंने एनएच-9 से डेरा बाबा भूमण शाह रोड के फोरलेन की मांग पर कहा कि इसके लिए अगर जमीन उपलब्ध होगी तो सरकार इसे फॉर लेन बनाएगी। उन्होंने मुख्यधाम की ओर जाने वाली सड़क पर बस क्यू शेल्टर बनाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंग्रेजों ने हमारे वीरों पर अनेक अत्याचार किए और उन्हें जंजीरों में बांधकर काले पानी तक की सजा दी गई। यदि कोई वीर इस जेल में शहादत को प्राप्त हो जाता था तो उन्हें उठा कर समुद्र में फेंक देते थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने सेलुलर जेल के असली इतिहास को छुपाया गया। हमारे वीर क्रांतिकारियों ने गुलामी की जंजीरों को काटकर देश की मजबूती और आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बाबा भूमण शाह का एक डेरा दीपालपुर पाकिस्तान में था, जो 1200 एकड़ में फैला हुआ था। करोड़ों लोग इस डेरे के साथ जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि जिन्हें देश की संस्कृति और इतिहास का ज्ञान नहीं था, ऐसे लोगों ने एक नक्शे पर पेन से निशान लगाकर देश के दो टुकड़े कर दिए। उन्होंने कहा कि इससे हमारी संस्कृति को चोट पहुंची है। सरदार भगत सिंह ने आजादी की लड़ाई लड़ी। उनका गांव भी पाकिस्तान में हैं, गुरुनानक देव जी ने भी जिस पवित्र धरती पर तपस्या की, वह स्थान भी पाकिस्तान में चला गया है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए सीधा सवाल उठाया कि इस विभाजन के कौन लोग जिम्मेवार हैं, जिन्होंने हमारी संस्कृति को चोट पहुंचाई। हमें उनका भी ज्ञान होना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने शहीदी दिवस पर आए हुए जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वे यह संकल्प लेकर जाएं कि शहीदों के जन्मदिन, उनके शहादत दिवस, माता पिता के जन्मदिन व अन्य उपलक्ष्य के दिन वातावरण की शुद्धि के लिए एक-एक पेड़ लगाएं। उन्होंने कहा कि आज बढ़ रहा तापमान हमारे लिए चिंतनीय है और हमें वातावरण की शुद्धि के लिए पेड़ पौधे लगाने होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 5 जून को पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक पेड़ माँ के नाम लगाने का आह्वान किया था। इसको लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रदेश सरकार आगे बढ़ रही है और इस साल प्रदेश में डेढ करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है।

इस अवसर पर जर्मनी के सांसद राहुल कंबोज ने कहा कि वह एक साथी बनकर लोगों के बीच आएं है और उन्हें बड़ी खुशी है कि हम एक महान क्रांतिकारी का शहीदी दिवस मना रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री 24 घंटे लोगों की सेवा कर रहे हैं और उनकी उपलब्धियां देश में ख्याति ले रही हैं। उन्होंने कहा कि मेरा जन्म जर्मनी में जरूरी हुआ है परंतु भारत देश की मिट्टी की खुशबू आज भी मुझे महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि जर्मनी में भी शहीद उधम सिंह जी की शहादत पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

बाबा ब्रह्मदास महाराज ने महान क्रांतिकारी शहीद शिरोमणि उधम सिंह की शहादत दिवस पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री और श्रद्धालुओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बड़ी श्रद्धा के साथ हम शहीदी दिवस मना रहे हैं। आए हुए श्रद्धालु इनसे प्रेरणा लें और शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलें। समारोह को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बी आर कंबोज, अंतरराष्ट्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सलाहकार डॉ. संदीप सिंह कोरा ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री रणजीत सिंह, स्थानीय शहरी निकाय राज्य मंत्री श्री सुभाष सुधा, विधायक श्री गोपाल कांडा, श्री दूड़ाराम, श्री लक्ष्मण नापा, पूर्व मंत्री कर्णदेव कंबोज, पूर्व सांसद डा. अशोक तंवर, श्रीमती सुनीता दुग्गल तथा श्री मनजिंदर सिंह सिरसा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## जींद में धूमधाम से मनाया जाएगा राज्य स्तरीय तीज महोत्सव

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

हरियाणा सरकार द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय तीज महोत्सव सरकारी स्तर पर बड़ी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। यह महोत्सव 7 अगस्त को जींद में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

राज्य स्तरीय तीज महोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती अमरिंदर कौर ने बुधवार को जिला अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया और जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के बाद श्रीमती अमरिंदर कौर ने अनाज मंडी स्थित समारोह स्थल का दौरा किया और अधिकारियों को निर्देश

**❍ मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी करेंगे मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत**

दिये कि समारोह स्थल पर बिजली, पीने का स्वच्छ पानी, शौचालय, साफ-सफाई, बसों की पार्किंग व्यवस्था, बेरिकेटिंग जैसी मूलभूत सुविधाओं को समय रहते पूरा कर लिया जाए।

उन्होंने कहा कि इस तीज समारोह में पूरे प्रदेश से लगभग 25 हजार महिलाओं के आने के लिए आमंत्रित किया गया है। महिलाएं हरियाणवी दामन, कुर्ते, चुंदड़ी की ड्रेस में तीज महोत्सव की शोभा बढ़ाएंगी और अपनी हरियाणवी संस्कृति और वेशभूषा से रूबरू करवाएंगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री की प्रतिबद्धता सर्वविदित है। राज्य के सांस्कृतिक उत्सवों एवं त्योहारों को बहुत उत्साह और उमंग के साथ मनाने के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर अनेक कदम उठाए जा रहे हैं।

## न कोई निवेश, न परिवेश, बेरोजगारी से त्रस्त प्रदेश: कुमारी सैलजा

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा के राज में न कोई निवेश, न कोई परिवेश, प्रदेश का युवा बेरोजगारी से त्रस्त है। ईपीएफओ की रिपोर्ट बेरोजगारी से त्रस्त युवा और बढ़ती बेरोजगारी की कलई खोल रही है। पहले नौकरी पाने वालों की संख्या पांच लाख घटी है। देश में एक साल में निजी क्षेत्र में सात लाख जॉब कम हुई है। युवाओं को गुमराह करने वाली इस सरकार को युवा शक्ति सबक सिखाकर रहेगी।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि रोजगार के नाम भाजपा की सरकार युवाओं को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई को लोकसभा में पेश इकोनामिक सर्वे में सरकार ने खुद कहा है कि अच्छी ग्रोथ और गैर सरकारी क्षेत्र में हर साल 78 लाख नौकरियां चाहिए पर कर्मचारी



भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) का ताजा पेरोल डाटा बताता है कि वित्त वर्ष 2023-24 में पिछले साल के मुकाबले 07 लाख नौकरियां कम हो रही है जो पिछले पांच साल में सबसे बड़ी गिरावट है। कोरोना काल में एक लाख की गिरावट आई थी। महाराष्ट्र में 5.84 लाख नौकरियां कम हुई है, हरियाणा में 9.47 प्रतिशत नौकरियां कम हुई है। नौकरियों में गिरावट मैन्युफैक्चरिंग, आईटी और सर्विस सेक्टर में सबसे ज्यादा आई है। उन्होंने कहा कि इस साल देश में डेढ़

**❍ तिलिस्म बन चुकी सरकारी नियुक्ति से आजिज युवाओं को प्राइवेट जॉब भी खतरे में नजर आ रही है**

करोड़ ग्रेजूएट तैयार हो रहे है, इसमें 20 लाख नौकरियों में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि आंकड़े बताते है कि महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात और हरियाणा ऐसे पांच राज्य है जहां पर तेजी से प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं।

उन्होंने कहा है कि पहली बार नौकरी पाने वाले करीब 05 लाख घट रहे हैं। पुरानी नौकरी भी कम हो रही है। स्वैच्छा से नौकरी छोड़ने वालो की संख्या भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि देश में हर साल 15 प्रतिशत ज्यादा नौकरी चाहिए, वर्ष 2023-24 में करीब 1.06 करोड लोग जॉब मार्केट में आए थे इस साल इनकी संख्या बढ़कर 1.20 करोड़ हो सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार देने की बात करती है दावा करती है पर आंकड़े उसकी पोल खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एचकेआरएन के माध्यम से नौकरी देकर सरकार भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा 3 अगस्त दिन शनिवार शाम 4.00 बजे कांग्रेस संदेश यात्रा के माध्यम से भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध आयोजित पदयात्रा का हिसार के डोगरान मोहल्ला बाजार, गुरु रविदास चौंक (भाभड़ा चौक) से शुभारंभ करेंगी। पदयात्रा का शुभारंभ हिसार के गुरु रविदास चौक (भाभड़ा चौक) से इंद्रा मार्केट, इलेक्ट्रॉनिक मार्केट, राजगुरु मार्केट, नागोरी गेट मार्केट, मोती बाजार, गांधी चौक, भगत सिंह चौक, पड़ाव चौक, जहाजपुल चौक, मुल्तानी चौक से होकर वापिस गुरु रविदास चौक (भाभड़ा चौक) पर समापन होगा।

## अंबाला सिविल एन्क्लेव से अगस्त माह में शुरू होंगी फ्लाईट: नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि बड़ी तेजी से अंबाला के सिविल एन्क्लेव (घरेलू हवाई अड्डा) का निर्माण कार्य किया जा रहा है और अगस्त महीने से ही यहां से अयोध्या के लिए पहली फ्लाइट शुरू होगी। मंत्री डॉ. कमल गुप्ता आज अंबाला सिविल एन्क्लेव के निमार्णाधीन स्थल पर पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अंबाला कैंट के विधायक अनिल विज भी साथ थे।

इस दौरान मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने निमार्णाधीन स्थल का दौरा किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित एजेंसियों से निर्माण कार्य की प्रगति जानी और उन्हें निर्देश दिए कि वे बेहतर समन्वय बनाकर दिन-रात काम करवाकर



सिविल एन्क्लेव (घरेलू हवाई अड्डा) के कार्य को पूरा करवाएं।

उन्होंने कहा कि 10 अगस्त को वे दोबारा से यहां का जायजा लेंगे और यहां पर पानी, बिजली, सीवरेज व अन्य संबंधित जो भी कार्य है वे सभी पूरे होने चाहिए। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले भी उन्होंने यहां का जायजा लिया था। एयरफोर्स के अधिकारियों के साथ अंदर जाकर भी रनवे के साथ-साथ अन्य सभी बातों की जानकारी हासिल की थी, उनकी मंशा है कि जल्द ही यहां से जहाज उड़ान भरें।

उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने इस प्रोजेक्ट के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर आर्मी से यह जमीन दिलवाई थी। आर्मी से जमीन लेना आसान बात नहीं हैं, यह सबको पता हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही यहां से अयोध्या के लिए पहली उड़ान भरी जाएगी और उसके बाद जम्मू या अन्य के लिए यहां से उड़ान भरी जाएगी। इस मौके पर उन्होंने शूटिंग खिलाड़ी सरबजोत सिंह व मनु भाकर द्वारा पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर प्रत्येक प्रदेशवासी को बधाई देते हुए कहा कि यह हरियाणा के साथ पूरे देश के लिए गर्व की बात है। हमारे खिलाड़ी अपने पराक्रम से पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन कर रहें हैं।

## थानेसर शहर में विकास के लिए करीब 70 करोड़ रुपये की योजनाओं पर सरकार ने दी हरी झंडी: सुभाष सुधा

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर शहर में सड़कों, गलियों में पेवर ब्लॉक लगाने, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार ने पिछले एक माह में करीब 70 करोड़ रुपये की राशि की अनुमति दी है। इन योजनाओं पर नगर परिषद के अधिकारियों को जल्द आगामी कार्यवाही करने के आदेश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यो को जल्द शुरू कर दिया जाएग। इन विकास कार्यो की गुणवता पर फोकस रखा जाएगा। इसके लिए स्थानीय नागरिकों को अपनी निगरानी रखनी होगी। इसके अलावा, गांवों के विकास को तेजी के साथ आगे बढ़ाने का काम भी किया जा रहा है। राज्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र में



सेक्टर-7 आवास कार्यालय पर खुला दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे थे। इससे पहले राज्य मंत्री ने सैकड़ों लोगों की पुलिस प्रशासन, जिला समाज कल्याण, विकास एवं पंचायत, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम सहित अन्य विभागों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

राज्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी लोगों की सेवा करने के उद्देश्य से कार्य करें और रोजाना राज्य सरकार के आदेशों पर सुबह 9 बजे से लेकर सुबह 11 बजे तक लोगों की समस्याएं और उनका मौके पर समाधान करना सुनिश्चित करें। इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बदार्शत नहीं की जाएगी।

श्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी क्षेत्रों में समान विकास करवा रही है और थानेसर हलके में भी विकास कार्यों की कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि थानेसर हलका के विकास पर सरकार की तरफ से कई हजार करोड़ रुपए की छोटी व बड़ी विकासकारी योजनाओं को पूरा करने का काम किया गया है और कुछ योजनाओं पर तेजी के साथ कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त-समाचार

### कामिका एकादशी पर श्री खाटू श्याम मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, सुख-समृद्धि की कामना की



करनाल। पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में कामिका एकादशी बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। सुबह से लेकर शाम तक खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। कामिका एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का आयोजन भी किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर कीर्तन का आनंद उठाया। बुधवार को सुबह से लेकर प्रभु इच्छा तक श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा का गुणगान किया। कीर्तन के दौरान हुए गुणगान के माध्यम से श्रद्धालुओं को कामिका एकादशी महत्व बताया गया। एकादशी के अवसर पर मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया और मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर पंडित दीपक पांडे ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण मास कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को कामिका एकादशी का व्रत रखा जाता है। कामिका एकादशी का व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है। यदि कोई व्यक्ति पूरी विधि पूर्वक यह व्रत करता है तो उसे जीवन में आने वाली सभी कठिनाइयों और बाधाओं से मुक्ति मिलती है। वहीं इस मौके पर मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि हर एकादशी पर श्री खाटू श्याम मंदिर में भव्य कीर्तन किया जाता है। इस दौरान मंदिर कमेटी की तरफ से श्रद्धालुओं की सेवा के लिए हर प्रकार की व्यवस्था की जाती है। इस मौके पर मंदिर मुख्य सेवक देसराज गुप्ता, अनिल कुमार गर्ग, रामकरण गोयल, महेंद्र गुप्ता, विनोद गोयल, आकाश गुप्ता व विकास गुप्ता सहित आदि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्री तारा बाबा जी की समाधि पर नवाया शीश

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बुधवार को जिला सिरसा में रानियां रोड स्थित श्री तारा बाबा जी कुटिया में पहुंचे जहां पर उन्होंने बाबा जी की समाधि पर शीश नवाया। उन्होंने बाबा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पूजा अर्चना की। कुटिया में शिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर चल रही विशेष पूजा में भी मुख्यमंत्री शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने संत आश्रम में पहुंचकर कथा वाचिका जय किशोरी से आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के श्री तारा बाबा जी की कुटिया पहुंचने पर पूर्व गृह राज्यमंत्री एवं सिरसा के विधायक श्री गोपाल कांडा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व सांसद श्रीमती सुनीता दुग्गल, पूर्व सांसद डॉ. अशोक तंवर, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा आदि मौजूद थे।

### राज्य सरकार ने हर वर्ग की खुशहाली का रखा है विशेष ध्यानः महिपाल ढांडा

चंडीगढ़। हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा सहकारिता मंत्री श्री महिपाल ढांडा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार का ध्येय प्रदेश को समृद्ध व खुशहाल बनाने का है। इसको लेकर सरकार ने जो योजनाएं प्रारंभ की है वर्तमान में हर वर्ग उन योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है। राज्यमंत्री आज पानीपत में आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांव काबड़ी व गढ़ी सिकंदरपुर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को कम से कम समय में समस्याओं के समाधान करने के आदेश दिये। महिपाल ढांडा ने कहा कि सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। पात्र लोग आपकी बेटी-हमारी बेटी के जन्म पर 21 हजार रुपये की राशि एलआईसी में जमा करवा कर लाभ ले सकते हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री दुग्ध उपहार योजना, हाईटेक और मिनी डेयरी इकाई की स्थापना योजना, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, वृद्धा भत्ता सम्मान योजना, हरियाणा दिव्यांग व्यक्ति योजना, चिरायु जैसे अनेक ऐसी योजनाएं हैं जिनका लाभ लेकर प्रदेश का हर वर्ग का व्यक्ति लाभान्वित हो रहा है। इस मौके पर जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

### एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दोनों जजों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

कैथल। जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने यहां से तबादला होकर जाने वाले अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन अजय कुमार और सिविल जज जूनियर डिविजन ज्योति संधू को विदाई दी। मौके पर सेशन जज रितु वाईके बहल, एसोसिएशन के प्रधान बलजिंदर सिंह मलिक, उप प्रधान विनय गर्ग, सचिव गौरव वधवा, सह सचिव सुमन ठाकुर और क ोषाध्यक्ष इंद्रजीत माटा भी मौजूद रहे। प्रधान बलजिंदर सिंह मलिक ने कहा कि हालांकि



दोनों न्यायाधीशों का कार्यकाल यहां बहुत छोटा रहा लेकिन इस छोटे से कार्यकाल में उन्होंने बहुत मेहनत और लगन से काम किया तथा बार और बेंच के बीच तालमेल बनाकर रखा। उन्होंने अपनी अपनी अदालतों में वकीलों को पूर्ण सहयोग दिया। सेशन जज रितू वाईके बहल ने दोनों न्यायाधीशों के उज्ज्वल भविष्य और उन्नति की कामना की। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दोनों जजों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बता दें कि न्यायाधीश अजय कुमार और ज्योति संधू यहां से तबादला होकर पंचकूला चले गए हैं।

## प्रशासन ने किसानों से मीटिंग कर 15 अगस्त तक सभी बाढ़ पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाने का दिया आश्वासन

# जाखल में किसानों व प्रशासन में बनी सहमति, तालाबंदी कार्यक्रम किया स्थगित

सिटी दर्पण
टोहाना

गत वर्ष जाखल क्षेत्र में आई बाढ़ से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे की लंबित मांग को लेकर विगत लगभग छह माह से किसानों के संघर्ष और बुधवार को उप तहसील व बीडीपीओ कार्यालय को तालाबंदी करने की सुगबुगाहट के बीच प्रशासनिक अधिकारियों और पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति जाखल के बीच मुआवजे की मांग पर सहमति बन गई है। अफसरों द्वारा इसे लेकर दो हजार से अधिक किसानों के खातों में तीन दिन में अथवा शेष सभी बाढ़ प्रभावित किसानों को 15 अगस्त तक मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया है। इस पर किसानों ने हालांकि तहसील कार्यालय को तालाबंदी करने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है, जबकि किसानों द्वारा उप तहसील कार्यालय में दिया जा रहा धरना यूं ही जारी रहेगा। इसके साथ ही किसानों द्वारा चेतावनी भी



दी गई है कि यदि इस समय अवधि के बीच सभी बाढ़ पीड़ित किसानों को पर्याप्त मुआवजा राशि ना दी गई तो किसान आंदोलन को लेकर अगली रणनीति बनाएंगे। विदित है कि किसान संघर्ष समिति द्वारा करीब दो सप्ताह पहले खंड स्तर पर मीटिंग आयोजित कर जुलाई के अंतिम सप्ताह तक किसानों की मुआवजे की मांग पूरी न होने पर शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए 31 जुलाई को उप तहसील व बीडीपीओ कार्यालय को तालाबंदी करने का ऐलान किया गया था। इसके बावजूद किसानों की मांग पर कोई गौर न फरमाने पर निर्धारित तालाबंदी कार्यक्रम को लेकर बुधवार को पगड़ी संभाल जट्टा, किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में जाखल खंड के करीब दो दर्जन गांवों के किसान उपतहसील कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए। उप तहसील कार्यालय में उमड़े किसानों के हुजूम व किसान समिति द्वारा शासकीय कार्यालयों के मुख्य गेट को तालाबंदी करने के किए गए ऐलान के मद्देनजर प्रशासन के भी हाथ पांव फूल गए। किसानों के विरोध की चेतावनी के चलते सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी किसानों के बीच पहुंचें। इस दौरान मौके पर पहुंचे टोहाना के एसडीएम प्रतीक हुड्डा, डीएसपी शमशेर सिंह, नायब तहसीलदार रशविंदर सिंह धुन, खंड कृषि अधिकारी मुकेश महला, डीआरओ श्यामलाल आदि अधिकारियों द्वारा किसानों की मांग को लेकर विचार विमर्श करने के लिए किसान नेताओं को बीडीपीओ कार्यालय में आमंत्रित किया गया। इस पर किसानों की 11 सदस्य कमेटी द्वारा अधिकारियों से मीटिंग कर वार्ता की गई।

किसानों की अधिकारियों के साथ हुई मीटिंग में अधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि दो हजार से अधिक बाढ़ पीड़ित किसानों के खातों में आगामी तीन दिन में मुआवजा राशि आ जाएगी, वहीं बाकी सभी बाढ़ प्रभावित किसानों के खातों में 15 अगस्त तक संभावित ही मुआवजा राशि दिलाने का कार्य किया जाएगा। इस पर किसान नेताओं ने किसानों की मांग पर मंथन करते हुए हालांकि सहमति व्यक्त कर ली गई, जबकि उप तहसील कार्यालय में चल रहे धरने को लेकर कोई चर्चा नहीं की गई, वहीं इसे लेकर किसान संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन को अल्टीमेट में भी दिया कि यदि उक्त 15 दिन की अवधि में सभी बाढ़ प्रभावित किसानों के खातों में मुआवजा राशि न डाली गई तो 16 अगस्त को मीटिंग कर किसानों द्वारा आंदोलन को लेकर बड़ा निर्णय लिया जाएगा, जिसका जिम्मेदार स्वयं प्रशासन होगा।

किसान नेता लाभ सिंह उदयपुर व जग्गी महल ने बताया कि बीते वर्ष क्षेत्र में आई बाढ़ से जिन किसानों की फसल बर्बाद हुई थी, उन्हें मुआवजा न देने पर बीती 7 फरवरी को किसानों द्वारा रोष स्वरूप धरने की शुरूआत कर जाखल उप तहसील कार्यालय के दोनो गेटों पर तालाबंदी कर दी गई थी, जिसके करीब एक माह बाद प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किसानों को जल्द मुआवजा देने का आश्वासन देने पर प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा एक गेट के ताले खोल दिए गए थे, लेकिन उसके बाद इतना समय बीतने के बाद भी किसानों को अभी तक मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है।

# अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने उतरेंगे भारतीय एथलीट, नीरज चोपड़ा पर होगी निगाहें

## चोपड़ा को दूसरे ओलंपिक स्वर्ण पदक के लिए माना जा रहा है प्रबल दावेदार

एजेंसी
पेरिस

भारत का 29 सदस्यीय दल पेरिस ओलंपिक खेलों में गुरुवार से शुरू होने वाली एथलेटिक प्रतियोगिता में जब अपना अभियान शुरू करेगा तो सभी की निगाह नीरज चोपड़ा पर टिकी रहेंगी जो भाला फेंक में अपने खिताब का बचाव करके भारतीय खेलों के इतिहास में नया अध्याय जोड़ने की कोशिश करेंगे। चोपड़ा मामूली चोटों के कारण ओलंपिक से पहले अधिक प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाए थे लेकिन इसके बावजूद उन्हें लगातार दूसरे ओलंपिक स्वर्ण पदक के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है। चोपड़ा अगर आठ अगस्त को स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहते हैं तो वह भाला फेंक में अपने खिताब का बचाव करने वाले दुनिया के पांचवें खिलाड़ी और लगातार दो व्यक्तिगत स्वर्ण पदक

**पुरुष भाला फेंक में एक अन्य भारतीय किशोर जेना भी अपनी चुनौती पेश करेंगे।**

जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। इससे पहले एरिक लेमिंग (स्वीडन; 1908 और 1912), जॉनी मायरा (फिनलैंड; 1920 और 1924), जान जेलेजनी (चेक गणराज्य; 1992, 1996 और 2000) और एंड्रियास थोरकिल्डसन (नॉर्वे; 2004 और 2008) ही ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने ओलंपिक की भाला फेंक स्पर्धा में अपने खिताब का बचाव किया। चोपड़ा ने इस साल केवल तीन प्रतियोगिताओं में भाग लिया लेकिन यह 26 वर्षीय खिलाड़ी इसलिए स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार है क्योंकि विश्व स्तर पर उनका कोई भी



अन्य प्रतिद्वंदी इस सत्र में असाधारण प्रदर्शन नहीं कर पाया है। इस भारतीय एथलीट ने मई में दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लिया था जिसमें उन्होंने 88.36 मीटर के थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था जो इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। उन्होंने इसके बाद एहतियात के तौर पर ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से नाम वापस ले लिया, क्योंकि वह अपनी जांघ की मांसपेशियों में दर्द महसूस कर रहे थे। चोपड़ा, जिनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है, ने 18 जून को फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में 85.97 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतकर मजबूत वापसी की। उन्होंने पेरिस डायमंड लीग से बाहर होने का विकल्प चुना। उनके कोच ने बाद में चोपड़ा की फिटनेस को लेकर चिंताओं को खारिज कर दिया। पिछले ओलंपिक खेलों के बाद चोपड़ा ने जिन 15 प्रतियोगिताओं में भाग लिया उनमें से केवल दो बार उन्होंने 85 मीटर से कम भाला फेंका। दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराने वाले और तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज्च, जर्मनी के जूलियन वेबर और पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स एक बार फिर भारतीय सुपरस्टार के मुख्य प्रतिद्वंद्वी होंगे। पुरुष भाला फेंक में एक अन्य भारतीय किशोर जेना भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। उन्होंने पिछले साल एशियाई खेलों में 87.54 मीटर थ्रो के साथ ओलंपिक कोटा हासिल किया था लेकिन उसके बाद उन्हें 80 मीटर का आंकड़ा पार करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का क्वालीफिकेशन राउंड छह अगस्त को होगा। एथलेटिक्स प्रतियोगिता की शुरूआत पुरुष और महिला 20 किमी पैदल चाल से होगी जिसमें अक्षदीप सिंह, विकास सिंह और परमजीत सिंह बिष्ट पुरुषों की जबकि प्रियंका गोस्वामी महिलाओं की स्पर्धा में भाग लेंगी।

# स्वप्निल कुसाले 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस फाइनल में, सेन और सिंधु प्री क्वार्टरफाइनल में

एजेंसी
पेरिस

भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक में पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा के फाइनल के लिये क्वालीफाई किया जबकि देश के खिलाड़ियों ने बैडमिंटन, तीरंदाजी, टेबल टेनिस और मुक्केबाजी की स्पधाओं में अगले दौर में प्रवेश किया।

कुसाले ने जहां फाइनल के लिये क्वालीफाई किया वहीं ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर चूक गए। कुसाले क्वालीफाइंग दौर में 590 ( 38 एक्स ) का स्कोर करके सातवें स्थान पर रहे। वहीं ऐश्वर्य प्रताप 589 ( 33 एक्स ) का स्कोर करके 11वें स्थान पर रहे। शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल के लिये क्वालीफाई करते हैं। कुसाले ने नीलिंग में 198 ( 99 और 99 ), प्रोन में 197 ( 98 और 99 ) और स्टैंडिंग पोजिशन में 195 ( 98 और 97 ) स्कोर किया। वहीं ऐश्वर्य प्रताप ने नीलिंग में 197 ( 98 और 99 ), प्रोन में 199 ( 100 और 99 ) और स्टैंडिंग पोजिशन में 193 ( 95 और 98 ) स्कोर किया। स्पर्धा का फाइनल बृहस्पतिवार को खेला जायेगा। पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में इस स्पर्धा में कुसाले, ऐश्वर्य प्रताप और अखिल श्योराण ने टीम वर्ग का स्वर्ण पदक जीता था। कुसाले



कोल्हापूर में तेजस्विनी सावंत के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं। वह पिछले साल एशियाई खेलों में इस स्पर्धा के व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहे थे।

तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ( 75 किलो ) ने अपने पहले मुकाबले में नॉर्वे की सुन्निवा होफस्टाड को 5 . 0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। लवलीना ने तोक्यो में 69 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता था। वह लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीतने और भारतीय मुक्केबाजी में अभूतपूर्व उपलब्धि अपने नाम करने से महज एक जीत दूर हैं। हालांकि यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि अब उनका सामना चार अगस्त को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की लि कियान से होगा। इस मुकाबले में जीत से लवलीना का कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित हो जाएगा। प्रीति पवार को हालांकि प्री क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार देर रात प्रीति ने महिलाओं के 54 किग्रा प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कोलंबिया की पैन अमेरिकन खेलों की चैंपियन और विश्व रजत पदक विजेता येनी मासेर्ला एरियास को कड़ी चुनौती दी लेकिन इसके बावजूद उन्हें 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय बैडमिंटन के स्टार लक्ष्य सेन और पी वी सिंधू ने अपने अपने मुकाबले शानदार ढंग से जीतकर एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने एस्तोनिया की क्रिस्टीन कूबा को 33 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 21 . 5, 21 . 10 से हराया। रियो ओलंपिक में रजत और तोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू दुनिया की नौवे नंबर की खिलाड़ी चीन की ही बिंगजियाओ से खेल सकती है जिसके खिलाफ वह 11 बार हारी और नौ बार जीती हैं।

# दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टी को हराकर सेन प्री क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी
पेरिस



अपना पहला ओलंपिक खेल रहे भारतीय बैडमिंटन के 'वंडर ब्वॉय' लक्ष्य सेन ने दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को सीधे गेमों में हराकर पेरिस ओलंपिक पुरूष एकल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता अलमोड़ा के तेईस वर्ष के लक्ष्य ने मौजूदा आल इंग्लैंड और एशियाई खेल चैम्पियन के खिलाफ यह मुकाबला 50 मिनट में 21-18, 21-12 से जीता। लक्ष्य का सामना प्री क्वार्टर फाइनल में हमवतन एच एस प्रणय से हो सकता है जो आखिरी ग्रुप मैच में वियतनाम के ली डुक फाट से खेलेंगे। जीत के बाद लक्ष्य ने कहा, 'यह काफी कठिन मुकाबला था। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। खासकर पहले सेट में मैने अच्छी लय हासिल कर ली थी। इसके बाद बस उस लय को कायम रखना था।' उन्होंने कहा, 'दूसरे गेम में मैने नियंत्रण बना लिया। मैं अंतिम 16 के लिये तैयार था और अब अगले मैचों के लिये भी तैयार हूं।' लक्ष्य के ग्रुप से गुआटेमाला के खिलाड़ी केविन कोर्डन के कोहनी की चोट के कारण प्रतियोगिता से हटने के बाद उनके सभी नतीजों को 'डिलीट' कर दिया गया। लक्ष्य ने रविवार को केविन कोर्डन को हराया था। ग्रुप एल में अब सिर्फ तीन खिलाड़ियों के बीच चुनौती बाकी थी जबकि पहले चार खिलाड़ी दावेदारी पेश कर रहे थे। इसलिये यह मुकाबला भी नॉकआउट की तरह ही था। दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी 2022 राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य ने पिछले मैच में दुनिया के 52वें नंबर के खिलाड़ी बेल्जियम के जूलियन कैरेगी को 43 मिनट में 21-19, 21-14 से शिकस्त दी थी।

# सिमोन बिलेस और अमेरिकी टीम ने महिला जिम्नास्टिक में स्वर्ण जीता

**पेरिस।** मानसिक स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर तोक्यो ओलंपिक में कई स्पधार्ओं के फाइनल से पीछे हटने वाली सिमोन बाइल्स की अगुवाई में अमेरिकी महिला जिम्नास्टिक टीम ने तोक्यो में स्वर्ण पदक जीतकर आलोचकों के मुंह बंद कर दिये। बाइल्स, जोर्डन चिलेस और सुनिसा ली पहले भी ओलंपिक में पदक जीत चुकी हैं लेकिन इसी मंच ने उन्हें शारीरिक और मनोवैज्ञानिक घाव भी दिये जो शायद कभी भरेंगे तो नहीं लेकिन उनकी टीस जरूर इस स्वर्ण से कम हो जायेगी। अपने कैरियर में इन तीनों ने कई चुनौतियों का सामना किया। तीन साल पहले अपने कैरियर के शिखर पर मानसिक स्वास्थ्य का हवाला देकर तोक्यो ओलंपिक में कई स्पधार्ओं से हटने वाली बाइल्स पर सभी की नजरें थी। तोक्यो में उन्होंने टीम वर्ग का रजत पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में फाइनल में पहुंचते ही पिछली सारी बुरी यादें तिरोहित हो गई और आखिर में पीले तमगे के साथ खुशी के आंसू थे। अमेरिका की टीम ने 171-296 स्कोर करके इटली और ब्राजील को पछाड़ा।

# क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर चुकी भारतीय हॉकी टीम के सामने बेल्जियम की कठिन चुनौती

एजेंसी
पेरिस

क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर चुकी भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक के पूल बी के मैच में बृहस्पतिवार को मौजूदा चैम्पियन बेल्जियम के रूप पहली कठिन चुनौती का सामना करेगी तो उसे प्रदर्शन में निरंतरता रखनी होगी। बेल्जियम पूल बी में तीनों मैच जीतकर शीर्ष पर है जबकि भारत दो जीत और एक ड्रॉ के साथ दूसरे स्थान पर है। आस्ट्रेलिया दो जीत और एक हार के साथ तीसरे स्थान पर है। अर्जेंटीना ने भी तीन मैचों में एक जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ अंतिम आठ में जगह बना ली है। न्यूजीलैंड और आयरलैंड लगातार तीन हार के साथ दौड़ से बाहर हो गए हैं। हर पूल से शीर्ष चार टीमें ही अंतिम आठ में पहुंचेंगी। भारत ने पहले मैच में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया और फिर आखिरी मिनट में किये गए गोल की मदद से 2016 की चैम्पियन अर्जेंटीना को ड्रॉ पर रोका। आयरलैंड के खिलाफ भारत ने 2-0 से जीत दर्ज की। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने



पहले दोनों मैचों में निर्णायक गोल दागे और फिर आयरलैंड के खिलाफ पेनल्टी स्ट्रोक पर पहला और पेनल्टी कॉर्नर पर दूसरा गोल किया। अपना चौथा ओलंपिक खेल रहे मिडफील्डर मनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह ने भी आयरलैंड के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके कई मौके बनाये। मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और सुखजीत सिहं ने भी दबाव बनाये रखा। अपना पहला ओलंपिक खेल रहे राइट बैक जरमनप्रीत सिंह इस टूनार्मेंट की खोज साबित हुए हैं जिन्होंने अब तक काफी प्रभावी प्रदर्शन किया है। पहले दो मैचों में 19 पेनल्टी कॉर्नर गंवाने वाली भारतीय टीम के गोलकीपर पी आर श्रीजेश की तारीफ करनी होगी जिन्होंने कई गोल बचाये।

# अनुष अग्रवाला घुड़सवारी के व्यक्तिगत ड्रेसेज फाइनल में जगह बनाने में विफल

**पेरिस।** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ओलंपिक में घुड़सवारी के व्यक्तिगत ड्रेसेज में बुधवार को यहां फाइनल में जगह बनाने में विफल रहे। अनुष अपने घोड़े ह्यसर कारमेलोह्ल के साथ अपने ग्रुप में कुल 66.444 अंक के साथ नौवें स्थान पर रहे। इस स्पर्धा में कुल 60 घुडसवार भाग ले रहे थे जिन्हें 10-10 के छह ग्रुप में बांटा गया था। फाइनल के लिए 18 घुड़सवारों ने क्वालीफाई किया जिसमें डेनमार्क की लॉड्डुप-डुफोर कैथरीन अपने घोड़े फ्रीस्टाइल के साथ 80.792 अंक के साथ शीर्ष पर रही। सिसोजेवा सैंड्रा अपने घोड़े मैक्सिमा बेला के साथ क्वालीफाई करने वाली आखिरी खिलाडी रही। पोलैंड की इस घुड़सवार ने 73.416 अंक बनाये। घुड़सवारी ड्रेसेज में पुरुष और महिला खिलाड़ी एक साथ प्रतिस्पर्धा करते है।

# धावकों को नये नियमों के तहत रेपेचेज दौर से सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने का मिलेगा मौका

एजेंसी
सेंट-डेनिस (फ्रांस)

ओलंपिक ट्रैक प्रतियोगिता में एक नये नियमों के कारण बाधा और फर्राटा दौड़ धावकों को शुरूआती चरण में पिछड़ने के बाद भी रेपेचेज दौर से इन खेलों में अगले दौर में आगे बढ़ने और ओलंपिक पदक जीतने का एक और मौका मिलेगा। इस ओलंपिक खेल में बाधा दौड़ स्पधार्ओं सहित 200 मीटर से 1500 मीटर तक की सभी व्यक्तिगत ट्रैक स्पधार्ओं में रेपेचेज राउंड शुरू किया जाएगा। अब प्रत्येक हीट में शीर्ष पर रहने वाले खिलाड़ियों को सेमीफाइनल में सीधे प्रवेश मिलेगा जबकि अन्य खिलाड़ियों को रेपेचेज के जरिए यहां पहुंचने का मौका मिलेगा। ओलंपिक में भाग ले रहे कई खिलाड़ियों के लिए हालांकि यह पहला मौका होगा जब उन्हें रेपेचेज दौर से गुजरना पड़ेगा। ज्यादा खिलाडी इसका हिस्सा होने से बचते हुए अपनी हीट में शीर्ष पर रह कर क्वालीफाई करना चाहेंगे। कई खिलाडियों ने एथलेटिक्स में इसके बारे में कभी नहीं सुना है तो वहीं कुछ ऐसे भी खिलाड़ी है जो सही से इसका उच्चारण नहीं कर पा रहे हैं। अमेरिकी ओलंपिक ट्रायल में 100 मीटर बाधा दौड़ चैंपियन मसाई रसेल ने कहा, यह एक तरह से मेकअप क्विज (दूसरे मौके) जैसा है। उन्होंने कहा, आप अगर पहले प्रयास में सही नहीं कर सके तो आपके पास एक और मौका होगा। यह वास्तव में अच्छा है क्योंकि रेस में कुछ भी हो सकता है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, मैं हालांकि इसका इस्तेमाल करने से बचना चाहूंगा। रेपेचेज को इस्तेमाल नौकायन, कुश्ती और मार्शल आर्ट में होता रहा है लेकिन अब इसका इस्तेमाल ट्रैक स्पधार्ओं में भी होगा। रेपेचेज एक फ्रांसीसी शब्द पर आधारित जिसका अर्थ है दूसरा मौका।



# मिठाईयों से अलग कुछ खाने का है मन

## तो ट्राय करें चोकोनट डोनट



**सामग्री-**

**आटा गूंथने की सामग्री**

2.5 कप मैदा, 3/4 कप मिल्क, 1/3 कप बटर, 2.5 टेबलस्पून शुगर, नमक चुटकी भर, 1 टीस्पून यीस्ट, तलने के लिए ऑयल

**ग्लेज देने के लिए सामग्री**

1/2 कप कैस्टर शुगर, 250 ग्राम डार्क कंपाउड चॉकलेट, 200 ग्राम व्हाइट कंपाउड चॉकलेट, 300 ग्राम कोकोनट बूरा

**विधि-**

- डोनट का डो बनाने के लिए दूध को हलका गर्म करें और बटर को पिघला कर मैदे में मिलाएं। अब इसमें शुगर, नमक, यीस्ट डालकर लगभग 5-7 मिनट तक गूंधें।
- अब डो को 1/2-3/4 सेंटीमीटर की मोटाई में बेल लें। डोनट का शेप देने के लिए ग्लास से कट करें और बीच में होल करने के लिए बोतल की कैप का इस्तेमाल करें। इस तरह डोनट का शेप दें और ऑयल से ब्रशिंग कर 2 घंटे के लिए अलग रख दें।
- अब सभी डोनट्स को सुनहरा होने तक डीप फ्राई करें। हॉट डोनट पर पाउडर शुगर डालकर डस्ट करें।
- डोनट को ग्लेज देने के लिए मेल्टेड डार्क और व्हाइट चॉकलेट में डिप करें। ऊपर से कोकोनट के बुरादे से कोट कर सर्व करें।

### वनीला आइसक्रीम रेसिपी

- सबसे पहले कस्टर्ड को दूध और चीनी में मिक्स करें।
- इसके बाद बाकी बचे दूध में चीनी मिलाकर उबाल लें। फिर इसमें बनाया हुआ कस्टर्ड मिलाएं और दोबारा उबालें।
- ठंडा होने के लिए रख दें। फिर इसमें वनीला एसेंस और क्रीम को डालकर मिक्स करें। कंटेनर में भर कर फ्रिज में रख दें।
- हल्का जम जाने के बाद इसे निकालकर हल्का ब्लैंड करें और दोबारा फ्रिज में रखकर छोड़ दें।
- याद रहे अगर कंटेनर टाइट बंद नहीं होगा तो इसमें गाठे बन जाएंगी। इस क्रिया को दोबारा दोहराएं।
- आखिर में फ्रिज में इसे दो घंटे जमने के लिए रख दें। गार्निशिंग के लिए चैरी और नट्स का इस्तेमाल कर सर्व करें।

# स्ट्रीट फूड के शौकीन हैं तो ट्राई करें मुंबई वाली 'टिक्की फ्रैंकी'

### सामग्री

- गेहूं का आटा- 1/2 कप
- मैदा- 1/2 कप
- मटर- 1/4 कप
- प्याज- 1/2 कप (कटा हुआ)
- हल्दी और धनिया पाउडर- 1/2, छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर- स्वाद अनुसार
- काली मिर्च- 1/2 छोटा चम्मच
- नमक- स्वाद अनुसार
- मक्खन- जरूरत अनुसार
- हरी चटनी/टोमैटो कैचअप- जरूरत अनुसार
- शिमला मिर्च- 1 (कटी हुई)
- चाट मसाला- स्वाद अनुसार
- उबले मैश्ड आलू- 1 कप

**बनाने की विधि**

- मुंबई स्टाइल टिक्की फ्रैंकी' बनाने के लिए पैन में मक्खन गर्म करके आलू, लहसुन, मटर, आधे प्याज और मसाला डालकर पकाएं मिश्रण को हल्का ठंडा करके इसकी टिकियां बना लें। एक बाउल में गेहूं का आटा, मैदा व जरूरत अनुसार पानी डालकर आटा गूंथ लें। आटे की छोटी-छोटी लोइयां बनाकर बेल लें।



- अब रोटी को तवे पर दोनों ओर से सेंक लें। अब रोटी की एक ओर सॉस लगाकर टिक्की, प्याज और शिमला मिर्च रखें। ऊपर से चाट मसाला छिड़कर फ्रेंकी को लपेटकर प्लेट में रखकर सर्व करें। और मानसून का मजा लें।

# बच्चों को भाएगा पौष्टिक आलू चीला

**सामग्री**

आलू - 3 आलू मीडियम आकार के ( 250 ग्राम), हरा धनियां - 2 टेबल स्पून, बरीक कटा हुआ, तेल - 2 टेबल स्पून, नमक - 1/4 छोटी चम्मच, राई - 1/4 छोटा चम्मच, चाट मसाला - आधा छोटा चम्मच।

**विधि**

- आलू को अच्छी तरह से धो कर छीलकर पानी में डालकर रख लीजिये, नानस्टिक पैन गैस पर गरम होने के लिये रख दीजिये। एक आलू उठाइये और कद्दूकस कीजिये, आधा आलू और कद्दूकस कर लीजिये। कद्दूकस किये आलू में आधा नमक और आधा हरा धनियां डालकर मिक्स कर लीजिये।
- पैन गरम होने के बाद पैन में 1 छोटी चम्मच तेल डालिये, अब मसाले मिले आलू को पैन में डालिये, और आध सेमी. मोटाई में 4-5 इंच के व्यास में फैला दीजिये। एक छोटा चम्मच तेल चीले के चारों ओर डालिये और एक छोटा चम्मच तेल चीले के ऊपर डालिये, और चीले को ढककर 2-3 मिनट तक मीडियम आंच पर सिकने दीजिये। चीला नीचे की सतह से हल्का ब्राउन हो गया है, चीले के ऊपरी सतह पर आधा छोटी चम्मच चाट मसाला चारों ओर फैलाते हुये डालिये चीले को पलट दीजिये, और चीले को दूसरी सतह पर भी हल्का ब्राउन होने तक सेक लीजिये।
- आलू का चीला दोनों ओर सिकने पर प्लेट में निकाल लीजिये, और दूसरा आलू का चीला भी बिलकुल इसी तरह सेक कर तैयार कर लीजिए। आलू के चीले तैयार है, आलू के चीले को टमाटो सास या मीठी चटनी के साथ बच्चों को परोसिये और आप भी खाइये।



# कुछ अलग और खास है मेथी और अरबी की कढ़ी

### सामग्री

| | |
|---|---|
| मेथी का साग | 1 बंडल पत्तियां अलग की हुई |
| अरबी उबली और छिली | 200 ग्राम |
| दही | 1 कप |
| बेसन | 2 टेबलस्पून |
| अदरक-लहसून पेस्ट | 1 टीस्पून |
| दो हरी मिर्ची का पेस्ट | 1 टीस्पून |
| लाल मिर्च पाउडर | 1/2 टीस्पून |
| हल्दी पाउडर | 1/4 टीस्पून |
| नमक स्वादानुसार | |
| तेल | 2 टेबलस्पून |
| लौंग | 4-5 |
| काली मिर्च पाउडर 1 टीस्पून | |
| मेथी दाना | 1/4 टीस्पून |
| जीरा | 1 टीस्पून |
| सूखी लाल मिर्च | 3 तोड़ी हुई |
| हींग | चुटकी भर |

**विधि**

- सबसे पहले बेसन, अदरक-लहसून पेस्ट, हरी मिर्च पेस्ट, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, नमक और 5 कप पानी एक साथ डालकर उसे अच्छे से फेंट कर अलग रख लें।
- एक नॉन-स्टिक पैन में तेल गरम करें फिर उसमें लौंग, काली मिर्च, मेथी दाना, जीरा और सूखी लाल मिर्च डालें और भूरा होने तक भूनें।



- अब इसमें हींग डालें और एक मिनट तक सौते करें। अब इसमें अरबी डालें और 2-3 मिनट तक सौते करें।
- अब बेसन के घोल को एक बार और फेटें फिर अरबी वाले पैन में डालें और तेज आंच पर लगातार चलाते हुए पकाएं। यह मिक्सचर तब तक चलाते रहें जब तक ये उबलने न लगे। अब इसे 3-4 मिनट के लिए मध्यम आंच पर पकाएं।

# मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भः ज्ञानचंद गुप्ता

## हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने संगोष्ठि व पत्रकारों को 10-10 लाख रुपये की टर्म बीमा पॉलिसी व दुर्घटना पॉलिसी के वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में करी शिरकत

- गुप्ता ने वेलबिंग मीडिया एसोसिएशन को 11 लाख रुपये की राशि देने की करी घोषणा
- कृषि मंत्री कंवरपाल ने वेलबिंग मीडिया एसोसिएशन को 2.51 लाख रुपए देने की करी घोषणा
- राज्यमंत्री बिशम्बर बाल्मिकी ने वेलबिंग मीडिया एसोसिएशन को 5 लाख रुपये की राशि देने की करी घोषणा



सिटी दर्पण

पंचकूला

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने आज रेडबिशप सेक्टर-1 में वेलविंग मीडिया एसोसिएशन द्वारा आयोजित संगोष्ठि में वेलबिंग मीडिया द्वारा पत्रकारों को 10-10 लाख रुपये की निशुल्क टर्म बीमा पॉलिसी व दुर्घटना पॉलिसी के वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। गुप्ता ने वेलबिंग मीडिया एसोसिएशन को 11 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता अनुसूचित जातिया एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय राज्यमंत्री बिशम्बर बाल्मिकी ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि वेलबिंग मीडिया के नाम से ही उसके लक्ष्य का पता लगता है। यह संस्था सेवा, दुख-दर्द में सहायता करने के लिए बनी है। उन्होंने बताया कि मीडिया लोकतंत्र का चैथा स्तम्भ है और जनता और सरकार के बीच खबरों का आदान प्रदान कर कड़ी का काम करता है। उन्होंने बताया कि जब देश में आपातकाल लगा था तब नेताओं व मीडियाकर्मियों को इसके विरूद्ध आवाज उठाने के लिए जेल में डाल दिया गया था। उसके बावजूद भी पत्रकारों व नेताओं ने मीडिया के माध्यम से आवाज उठाई और जनता को इससे अवगत करवाने का काम किया। आपातकाल के समय विख्यात व निडरता से जनता में खबरों का प्रसार करने वाले पंजाब केसरी अखबार के कार्यालय के बिजली कनैक्शन काट दिए गए ताकि अखबार ना छप सके और आवाज जनता तक ना पहुंच सके परंतु इसके बावजूद भी मीडिया ने निडरता से लोगों को सच्चाई से अवगत करवाने का काम किया। मीडिया का राष्ट्रप्रेम की भावना युवाओं में संचार करने में भी अहम योगदान रहता है। गुप्ता ने बताया कि आज का युग डिजिटल मीडिया का युग है और इसका प्रभाव हर क्षेत्र में दिखाई दें रहा है। उन्होंने कहा कि वेलबिंग मीडिया एसोसिएशन पत्रकारों के कल्याण के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वेलबिंग मीडिया एसोसिएशन के प्रधान चंद्रशेखर धरणी पत्रकारों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते है और सरकार को भी पत्रकारों की समस्याओं से अवगत करवाकर उनकी मदद करवाने में अहम रोल अदा कर रहे है। वेलबिंग मीडिया एसोसिएशन ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष, राज्यमंत्री व मीडिया सचिव को अपनी मांगो का ज्ञापन सौंपा। इस पर गुप्ता ने कहा कि जल्द ही उनकी मांगों के बारे सभी पत्रकार बंधुओं को शुभ समाचार मिलेगा।

पत्रकारों द्वारा पंचकूला में प्रेस क्लब बनवाने की मांग पर गुप्ता ने कहा कि उन्होंने काफी पहले भी इस मांग पर गौर किया था परंतु सभी पत्रकार एकमत ना होने के कारण प्रेस क्लब का कार्य सीरे नहीं चढ़ा। उन्होंने कहा कि आप सभी पत्रकार इक्ट्ठे हो जाओ, प्रेस क्लब बारे, वो हर संभव सहायता देने का प्रयास करेंगे। मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) की उत्तर भारत की इकाई का आज गठन किया गया। पंचकूला के रेड बिशप में आयोजित एसोसिएशन के कार्यक्रम में अमृतसर के सुमित खन्ना को पंजाब का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया। इसके अलावा संजीव शर्मा को दिल्ली, मीर आफताब को जम्मू-कश्मीर, संजीव महाजन को चंडीगढ़ और विशाल सूद को हिमाचल का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। इनके साथ ही ज्योति संग को एसोसिएशन के सलाहकार बोर्ड का उत्तर भारत का अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर 151 मीडियाकर्मियों को 10-10 लाख रुपये की टर्म इन्सोरेंस और 131 मीडियाकर्मियों को दुर्घटना बीमा पॉलिसी के दस्तावेज हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, राज्य मंत्री बिशंभर बाल्मीकि और मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे ने सभी को नियुक्ति पत्र व बीमा पॉलिसी के दस्तावेज वितरित किए।

इस अवसर पर कृषि मंत्री कंवरपाल ने मीडिया वेलबिंग एसोशिएशन के संगोष्ठि समारोह में पत्रकारों के लिए बनाए गए पहचान पत्र का लोकापर्ण करते हुए एसोसिएशन के सदस्यों में उनका वितरण किया और 2.51 लाख रुपए देने की घोषणा की।

सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता अनुसूचित जातिया एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय राज्यमंत्री बिशम्बर बाल्मिकी ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चैथा स्तम्भ है। पत्रकार दुर्गम स्थानों पर जान जोखिम में डालकर सच्चाई व खबरों को जनता से रूबरू करवाते है। कई बार उन्हें जानमाल का नुकसान भी उठाना पड़ता है, फिर भी वो अपने लक्ष्य से पीछे नहीं रहते। उन्होंने वेलबिंग मीडिया एसोसिएशन को पत्रकारों के कल्याण के लिए 5 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे ने कहा कि सरकार पत्रकारों के कल्याण के लिए हमेश तत्पर रहती है। वेलबिंग मीडिया एसोसिएशन पत्रकारों के लिए कल्याण के लिए बढ़चढ़कर कार्य कर रही है। वे उन्हें इसके लिए बधाई व शुभकामनाएं देते है। उन्होंने कहा कि कोई भी संस्था एकता के साथ कार्य कर किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर लेती है, पत्रकारों का कार्य बड़ा जिम्मेदारी वाला और संवेदशील होता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार पत्रकारों को जल्दी ही एक तोहफा देने वाली है जो पत्रकार व उनके परिवारों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

इस अवसर वेलबिंग संस्था के महासचिव सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश उप्पल, सीनियर वाईस प्रेजिडेंस भूवनेश झंडई, संजय कुमार, जम्मू कश्मीर के मीर आफताब, दिल्ली के प्रधान संजीव शर्मा, पंचकूला के कार्यक्रम संयोजक व जिला प्रधान तारा ठाकुर सहित अन्य प्रदेशों से आए मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

## ज्ञानचंद गुप्ता ने गांव कनौली में लगभग 32.94 लाख रुपए की लागत से लिंक रोड के सुदृढीकरण के कार्य का किया शुभारंभ

सिटी दर्पण

पंचकूला

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने आज गांव कनौली में लगभग 32.94 लाख रुपए की लागत से लिंक रोड के सुदृढीकरण और गांव दण्डारडू में लगभग 45.72 लाख रुपये से गांव दण्डारडू-बटवाल लिंक रोड के सुदृढीकरण और चैड़ीकरण के कार्य का शुभारंभ किया। लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कों) विभाग द्वारा दोनों कार्य आगामी एक महीने में पूरे किए जाएंगे। गांव कनौली में पेवर ब्लॉक से लिंक रोड का कार्य पूरा होने के उपरांत गांव की सड़क पर पानी भरने की समस्या का समाधान होगा और गांव वालों को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी, वहीं गांव दण्डारडू- बटवाल लिंक रोड के सुदृढीकरण और चैड़ीकरण के कार्य से गांववासियों और वाहनों का आवागमन और सुगम होगा। गुप्ता ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की सड़क कार्यो को तय समय में पूरा किया जाए और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गुप्ता ने कहा कि अधिकारियों के साथ-साथ गांववासियों को भी सड़क कार्यों की निगरानी करें और सुनिश्चित करें कि कार्य तय समयावधि में पूरा हो ताकि आमजन को विकास कार्यों का जल्द से जल्द लाभ मिल सके। गुप्ता ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा गांवों को शहरों की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है ताकि गांववासियों को किसी भी सुविधा के लिए शहरों पर निर्भर न रहना पड़े। उन्होंने बताया कि बेहतर रोड कनैक्टिविटी से न केवल लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलती है बल्कि क्षेत्र का आर्थिक विकास भी होता हैं। इसी के मद्देनजर प्रदेश में पिछले लगभग पौने दस वर्षों में नई सड़कों, पुलों व राष्ट्रीय राजमार्गो का निर्माण किया। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग-73 को पंचकूला की लाईफ लाईन बताते हुए कहा कि आज पंचकूला के सभी गांव इस राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े है, जिससे विकास की संभावनाएं बढ़ी है। उन्होंने बताया कि पंचकूला विधानसभा में जहां नई-नई सड़कों का निर्माण किया गया है वहीं पुरानी सड़कों की मरम्मत का कार्य किया गया है। गुप्ता ने कहा कि लोगों के



जीवन को सुगम बनाने के लिए बिजली, पानी, सडक, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई है। उन्होने कहा कि 2014 से पूर्व गांवों में केवल 7 से 8 घंटे बिजली आती थी परंतु आज गांव के साथ- साथ शहर और ढाणियों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। पंचकूला में पानी की कोई समस्या न हो इसके लिए 50 नए ट्यूबवैल लगाए गए हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की हुई है। सिविल अस्पताल सैक्टर- 6 में बैड क्षमता 100 से बढकर 500 हो गई है और यंहा सीटी स्कैन, कैथ लैब, डायलसिस जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता आशीष चैहान, एसडीओ अनिल कंबोज, मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन अशोक शर्मा, गांव कनौली के सरपंच मीनू राणा, दण्डारडू के सरपंच रवि शर्मा, बीडीसी सदस्य संजू, बरवाला के सरपंच ओमसिंह, ओमसिंह शास्त्री, बलविंद्र शर्मा श्यमाटू, कमल शर्मा बेहड़, ठाकुरदास श्यामटू और गांववासी उपस्थित थे।

## मौसम बदला, भारी बारिश से गर्मी और उमस से मिल सकती है राहत



सिटी दर्पण

चंडीगढ़

शहर में बीते कई दिनों से उमस और गर्मी ने लोगों की हालत खराब की हुई है। ऐसे में बुधवार को दोपहर करीब 2 बजे अचानक आसमान में काले बादल घिर आए और शहर के कई इलाकें में तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर बारिश हुई। मौसम विभागे की ओर से पहले ही बुधवार और वीरवार को भारी बारिश की चेतावनी जारी की थी। इस दौरान आंधी तूफान चलने की भी आशंका थी। यह बारिश काफी तेज गरज और चमक के साथ होने की आशंका जताई थी। इस बार मानसून का असर काफी कमजोर रहा है। जिस वजह से हवा में नमी बनी हुई है और उमस खूब परेशान कर रही है। लेकिन विभाग के मुताबिक जल्द ही मौसम में बदलाव होने की उम्मीद है। वहीं पिछले 24 घंटों में शहर में 41.9 एमएम बारिश हो चुकी है।

विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री दर्ज किया गया, जोकि सामान्य से 4 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि हवा में 92 फीसदी नमी रही। विभाग के अनुसार 1 जून से अब तक शहर में 245.9 एमएम बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 45.3 फीसदी कम है। इस मानसून सीजन में मौसम विभाग ने इन दो दिनों में सबसे ज्यादा बारिश होने की संभावना जताई है। वही मौसम विभाग ने बारिश के समय में लोगों को बाहर न निकलने, पेड़ का सहारा न लेने और बिजली की तारों से दूर खड़े होने जैसे सुझाव भी दिए हैं।

### आगे मौसम का हालः

- वीरवार को बारिश की संभावना बनी हुई है। ऐसे में अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया जा सकता है।
- शुक्रवार को भी बारिश की उम्मीद है। ऐसे में अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया जा सकता है।
- शनिवार को भी बारिश की उम्मीद है। ऐसे में अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया जा सकता है।

## संक्षिप्त-समाचार

### वर्षों तक सेवाएं देने के बाद 8 अधिकारी और कर्मचारी हुए सेवानिवृत्ति



**चंडीगढ़।** प्रो. आरके राठो डीन अकादमिक पीजीआई ने बुधवार को आठ अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति पर स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो. विपिन कौशल चिकित्सा अधीक्षक, प्रो. डी. बसु प्रमुख मनोरोग विभाग, प्रो. सुमिता खुराना प्रमुख चिकित्सा परजीवी विभाग, प्रो. बिमन सैकिया इम्यूनोपैथोलॉजी विभाग, प्रो. अमित रावत बाल चिकित्सा विभाग और रवि दत्त शर्मा वरिष्ठ स्वच्छता अधिकारी भी उपस्थित थे। प्रो. विपिन कौशल ने सेवानिवृत्त लोगों को जीपीएफ, ग्रेच्युटी और समूह बीमा के लाभार्थी चेक सौंपे और उनके जीवन में खुशहाली की कामना की। यह सभी अधिकारी और कर्मचारी पीजीआई को अपने जीवन के 09 से 40 साल समर्पित करने के बाद सेवानिवृत्त हुए।

### नवनियुक्त प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से संजय टंडन ने की मुलाकात



**चंडीगढ़।** पंजाब राजभवन में पंजाब के नवनियुक्त राज्यपाल और यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। समारोह में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं हिमाचल के सह प्रभारी संजय टंडन ने नवनियुक्त राज्यपाल से मुलाकात की और बधाई दी। संजय टंडन ने चंडीगढ़ के महत्वपूर्ण मुद्दों बारे अवगत कराया। उन्होंने अवगत कराया कि चंडीगढ़ ग्रीन व क्लीन सिटी है। चंडीगढ़ में प्रदूषण को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यही नहीं 24 घंटे पानी सप्लाई के प्रोजेक्ट पर भी काम चल रहा है और सरकारी कार्यालयों को सौलर लगाने की प्रक्रिया जारी रही है। उन्होंने राज्यपाल से केंद्र सरकार की योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर गति देने का आग्रह किया। इसके साथ ही संजय टंडन ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को तुरंत लागू करने का भी अनुरोध किया, ताकि चंडीगढ़वासियों को तुरंत योजनाओं का लाभ मिल सके। शपथ ग्रहण समारोह में संजय टंडन ने अन्य गणमान्य लोगों से भी बातचीत की।

### संजय टंडन ने हरिद्वार के लिए डाक कांवड़ यात्रा को दिखाई हरी झंडी



**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल के सह प्रभारी संजय टंडन ने सेक्टर-30 स्थित शिव शक्ति मंदिर से हरिद्वार के लिए डाक कांवड़ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शिव भक्तों में डाक कांवड़ लाने के लिए उत्साह नजर आया। संजय टंडन ने हरिद्वार जाने वाले शिवभक्तों की मंगलमय यात्रा व सुख समृद्धि की कामना की है। इसके साथ ही उन्होंने शहरवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की भी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सावन माह में महाशिवरात्रि का पर्व सावन माह में विशेष महत्व रखता है। भगवान शिव को सावन माह बेहद प्रिय है, इस महीने में कावड़ यात्रा कर भगवान शिव के ऊपर जलाभिषेक करने से भक्तों के बड़े से बड़े पाप समाप्त हो जाते हैं और सभी प्रकार के कष्ट से मुक्ति मिल जाती है। डाक कांवड़ यात्रा का आयोजन रविंदर रावत द्वारा किया गया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सतपाल वर्मा, मंडल अध्यक्ष साहिल आनंद, राजिंदर कौर रत्तू व इंदरजीत रत्तू सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त मौजूद रहे।

### मेयर ने सफाई कर्मचारियों को पानी के कैंपर वितरित किए



**चंडीगढ़।** शहर के मेयर कुलदीप कुमार ने बुधवार को सुखना लेक पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में सेक्टर 1 से 30 तक के सफाई कर्मचारियों को सराहना और समर्थन के तौर पर 59पानी के कैंपर वितरित किए, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 20 लीटर थी। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इन आवश्यक कर्मचारियों को उनकी शिफ्ट के दौरान स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो। मेयर ने शहर की सफाई और स्वच्छता में सफाई कर्मचारियों के अमूल्य योगदान पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनके अथक प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह कदम सफाईमित्रों के कल्याण के प्रति निगम की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ पहल के तहत यह वितरण यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम है कि सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए।

### पीयू में जल्द होगी शिक्षकों की कमी दूर, प्रयास जारीः वीसी

**चंडीगढ़।** पंजाब यूनिवर्सिटी में लंबे समय से शिक्षकों की कमी चल रही है। लेकिन जल्द ही इस समस्या को दूर कर दिया जाएगा। विभागों में टीचर्स और स्टूडेंट का अनुपात संतुलित नहीं है। पीयू की वाइस चांसलर प्रो.रेनू विग ने प्रैस वार्ता के दौरान बताया कि इस साल के अंत तक करीब 100 पोस्टों पर शिक्षक नियुक्त कर दिए जाएंगे। वीसी ने बताया कि पीयू की ओर से इस सत्र में विदेशी छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए दाखिला प्रक्रिया में कई बदलाव किए हैं। सत्र 2024-25 के लिए पीयू ने विदेशी छात्रों के लिए प्रवेश परीक्षा खत्म कर दी है। साथ ही सार्क व विकासशील देश के विद्यार्थियों के लिए करीब 40 फीसदी फीस भी कम कर दी गई है।

## मानव मंगल स्मार्ट स्कूल में यूथ आयोजित एक्सचेंज प्रोग्राम में पहुंचे विदेशी विद्यार्थी



सिटी दर्पण

चंडीगढ़

मानव मंगल स्मार्ट स्कूल में बुधवार को फ्रांस, इटली और हॉलैंड जैसे विभिन्न देशों के छात्र पहुंचे। लायंस क्लब चंडीगढ़ सेंट्रल द्वारा मानव मंगल स्मार्ट स्कूल के सहयोग से आयोजित किए गए यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में विभिन्न देशों से आए छात्रों का फ्रेंडशिप बैंड भेंट कर स्वागत किया गया तथा उनके माथे पर तिलक लगाया गया। कार्यक्रम का आगाज अतिथि छात्रों और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किए गए दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।



मानव मंगल के विद्यार्थियों ने स्लाइड शो के माध्यम से भारत की झलक दिखाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर मानव मंगल के छात्रों ने रंगारंग भंगड़ा प्रस्तुत किया और उन्होंने अतिथि छात्रों को भी भंगड़ा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया, जिससे वे वास्तव में मंत्रमुग्ध हो गए। मंच पर आकर उन्होंने स्कूल के छात्रों के साथ कदम से कदम मिलाने का सफल प्रयास किया। स्कूल के छात्रों ने अतिथि छात्रों के साथ बातचीत की और उनकी संस्कृति, शिक्षा, भोजन आदि के बारे में प्रश्न पूछे। कार्यक्रम का समापन लायंस क्लब के सदस्यों और मानव मंगल स्मार्ट स्कूल की स्टूडेंट काउंसिल के विद्यार्थियों के साथ ग्रुप फोटोग्राफ के साथ हुआ। मानव मंगल के छात्रों ने उनके द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित कार्ड देकर विदेशी छात्रों को विदाई दी।

## शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर एक ही परिवार के तीन 39 लाख की ठगी

**पंचकूला।** सेक्टर-7 निवासी एक परिवार के तीन सदस्यों से शेयर मार्केट में निवेश करने का झांसा देकर 39 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। सेक्टर-12 साइबर थाना पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-7 निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पिता ने 18 दिसंबर 2023 को फेसबुक अकाउंट पर एक विज्ञापन शेयर मार्केट सिखाने के बारे में देखा। उनके पिता ने उस पर क्लिक करके लिंक खुला। लिंक को ओपन करके सारी जानकारी लिंक में कहे अनुसार डाल दी। उसी दिन उनके पिता के व्हाट्सएप पर एक लिंक शेयर मार्केट ज्वाइन करने के बारे में आया। ग्रुप का नाम शोला ठाकुर अकादमी ऑफ फाइनेंस था। जिस पर शेयर मार्केट में निवेश के बारे में जानकारी आती रही। ग्रुप एडमिन का नाम वीरेंद्र ठाकुर था और उसकी अस्सिटेंट सोम्या ठाकुर थी। वह व्हाट्सएप पर चैट करके शेयर खरीदने बारे में बताती थी। सौम्या ठाकुर के कहने पर उनके पिता ने मार्च महीने में 1000 शेयर लिए थे। जिसकी वेल्यू 1 लाख 50 हजार रुपये थी।

## महिपाल सिंह नेगी एचईआरसी में 26 साल की सेवा के बाद हुए सेवानिवृत

सिटी दर्पण

पंचकूला



हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के पंचकूला स्थित कार्यालय में एक फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें आयोग में करीब 26 साल की सेवा देने के उपरांत रिटायर होने वाले कर्मचारी महिपाल सिंह नेगी को एक पार्टी दी गई। एचईआरसी के अध्यक्ष नन्द लाल शर्मा फोरम ऑफ रेगुलेटर (फोर) जो सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विद्युत विनियामक आयोगों के अध्यक्षों का एक समुह है, उसकी मीटिंग में भाग लेने के लिए हैदराबाद गए हुए थे, उन्होंने वहां से महिपाल सिंह नेगी के लिए संदेश भेजा कि नेगी ने आयोग की शानदार सेवा की है, समयपालन और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति प्रतिबद्धता उनकी सराहनीय रही है जो दूसरे कर्मचारियों को प्रेरणा देगी, उनका यह नया अध्याय उनके जीवन में और भी खुशियां और संतोष लाएगा। आयोग के उप सचिव (कार्मिक) मनोज गर्ग ने नेगी को फूलों का बुक्का देकर उनको सम्मानित किया तो आयोग के कंसलटेंट संजय बंसल ने उनको श्रीमद् भगवत गीता देकर उनका सम्मान बढ़ाया, आयोग की ओर से संयुक्त निदेशक (वित्त) मनीष सिंघल और संयुक्त निदेशक (अकाउंट्स) ज्योति वशिष्ट ने उनको एक मोमेंटो भेंट किया, आयोग के कर्मचारियों ने उनको शॉल उड़ाकर उनका सम्मान किया तथा इस यादगार क्षण के लिए उनको उपहार दिए गए एक व्यक्ति ने उनको उतराखंड की शान टॉपी पहनाकर उनका मान किया। मंच संचालन आयोग के उप निदेशक (मीडिया) प्रदीप मलिक ने किया, उन्होंने बताया कि नेगी ने करीब 26 वर्षों के सेवाकाल में अपनी अद्वितीय मेहनत, निष्ठा और समर्पण से इस संस्था को अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान की हैं।

## चाकू लेकर घर में घुस महिला से मंगलसूत्र छीन भागते युवक को लोगों ने पकड़ा

सिटी दर्पण

डेराबस्सी



डेराबस्सी नगर परिषद के तहत एटीएस स्कूल के समीप सिमरन सिटी नमक कॉलोनी में चाकू दिखाकर एक महिला के घर में घुसकर मिर्ची पाउडर का इस्तेमाल करते हुए सोने का मंगलसूत्र छीनने की दिनदहाड़े कोशिश की। घर से भागते समय महिला द्वारा शोर मचाए जाने पर कॉलोनी के लोगों ने उसे ग्राउंड फ्लोर पर धर लिया और मंगलसूत्र भी बरामद कर लिया लोगों ने पुलिस के हवाले करने से पहले इस झपटवार की अच्छी खबर ली पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए स्नैचर को गिरफ्तार भी कर लिया है। जिससे एक चाकू और टॉय गन बरामद हुई है। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी मुताबिक वारदात दोपहर करीब 11:30 बजे सिमरन सिटी में हुई यहां आंध्र प्रदेश मूल के संतोष मकान नंबर 222 की पहली मंजिल पर रहते हैं हादसे के समय वह प्राइवेट कंपनी में ड्यूटी पर गए हुए थे और पीछे उनकी डेढ़ साल की बच्ची के साथ पत्नी देवी मौजूद थी देवी ने बताया कि किसी ने दरवाजा खटखटाकर खुद को कूरियर वाला बताया वह दरवाजा खोलने से पहले हल्का सा झांक कर देखा तो झपटमार ने दरवाजे को धक्का दिया जिससे वह भी नीचे गिर गई उसने एक हाथ में चाकू पकड़ा हुआ था और दूसरे हाथ से जेब में से कुछ मिर्ची पाउडर जैसा निकाला और उसकी आंखों पर झोंक दिया। इस पाउडर से वह और उसकी गोद में पड़ी हुई डेढ़ साल की बच्ची भी चपेट में आ गई। उन्होंने शोर मचाया तो लूटेरा उसके गले का मंगलसूत्र एक झटके से तोड़कर ले भागा।

सम्मान

शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में पीयू हमेशा प्रयत्नशील

## एनसीसी ने पीयू की उप कुलपति प्रोफेसर रेणु विग को कर्नल की मानद उपाधि से सम्मानित किया

सिटी दर्पण

चंडीगढ़



पंजाब विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर रेणु विग को बुधवार को एनसीसी ग्रुप चंडीगढ़ में आयोजित एक पिपिंग समारोह में एनसीसी में कर्नल की मानद उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर मेजर जनरल मंजीत सिंह मोखा, अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ निदेशालय, ब्रिगेडियर हरप्रीत सिंह, ग्रुप कमांडर, एनसीसी; रूपिंदरजीत सिंह बराड़, निदेशक उच्च शिक्षा, चंडीगढ़, विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों के संकाय और एनसीसी कैडेट मौजूद थे। इस भव्य समारोह में प्रोफेसर विग को फोल्डर और स्मृति चिन्ह भेंट सम्मानित किया गया।

भारत सरकार ने 19 भारतीय विश्वविद्यालयों के उप कुलपतियों (वीसी) को राष्ट्रीय कैडेट कोर में कर्नल के मानद पद की अनुमति दी है। ये 19 उप कुलपति अपने-अपने विश्वविद्यालयों के कर्नल कमांडेंट के रूप में काम करेंगे। जब तक वे पद पर रहेंगे, उनकी मानद रैंक वैध रहेगी। मानद सैन्य रैंक कभी-कभी नागरिकों को किसी विशिष्ट क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन या राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए प्रदान की जाती है।

सम्मानित होने पर कुलपति ने आभार व्यक्त किया और कहा कि यह प्रतिष्ठित उपाधि केवल एक व्यक्तिगत प्रशंसा नहीं है, बल्कि 'एकता और अनुशासन' के मूल सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए पंजाब विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय कैडेट कोर की साझा प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। इस अवसर पर मेजर जनरल मोखा, एडीजी एनसीसी ने भी संबोधित किया और कैडेटों से एनसीसी गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का आग्रह किया। उन्होंने कुलपति को मानद रैंक के लिए बधाई दी और कहा कि एनसीसी के कर्नल कमांडेंट की नियुक्ति से वह एनसीसी इकाइयों के साथ निकट संपर्क में आएंगी, जिससे क्षेत्राधिकार के तहत शैक्षणिक संस्थानों के अधिकारियों और कैडेटों के साथ बेहतर संबंध कायम हो सकेगा।